# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 16 अप्रैल 2025


जरूरी नहीं कि हर जगह हर वक्त हो बरसात



## मप्र में मानसून के चार महीने 65 दिन से अधिक होगी बारिश

प्रदेश में जून के तीसरे सप्ताह में ऑनसेट होगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मप्र में इस साल सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान है। प्रदेश में इस साल मानूसन के कुल चार महीने में 65 दिन से अधिक बारिश का अनुमान है। इस दौरान बेहतर बारिश के आंकड़े मिलेंगे। मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है।

### गर्मी का पारा थमा, दो दिन बाद लू

मंगलवार को प्रदेश में गर्मी का पारा एक से 2 डिग्री तक की घट-बढ़ के साथ थमा रहा। भोपाल में पारा 39.5 डिग्री पर थमा रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तीन दिन पारा बढ़ेगा। कल से कुछ जगह लू का असर हो सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तीन दिन प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। नया सिस्टम बुधवार से सक्रिय हो रहा है। इसके असर से प्रदेश में 20 से 23 अप्रैल के बीच बारिश की उम्मीद है। इससे तापमान में फिर गिरावट होगी। अभी पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में है।

**अच्छी खबर : मानसून को लेकर मौसम विभाग ने बड़ी भविष्यवाणी की**

# भारतीय मौसम विभाग ने कहा- अल नीनो नहीं, सामान्य से अधिक बारिश होगी, 1 जून के आसपास आएगा मानसून

### इस बार बारिश का आंकड़ा 87 सेंटीमीटर के दीर्घकालिक औसत का 105% रहेगा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मानसून को लेकर मौसम विभाग ने बड़ी भविष्यवाणी की है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक भारत में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। इस बार अल नीनो की स्थिति बनने की आशंका नहीं है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा के मुताबिक जून से सितंबर तक, इस बार जमकर बारिश का आसार जताया गया है।

इससे किसानों को बड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार बारिश का आंकड़ा 87 सेंटीमीटर के ▸▸ शेष पेज 4 पर



अभी गर्मी से ऐसी बेहाली

### हर जगह और हर समय एक जैसी बारिश नहीं

अच्छा मानसून रहना भारत के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत जरूरी है। लगभग 42.3 फीसदी आबादी की आजीविका इसी पर निर्भर है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 फीसदी का योगदान करता है। देश के 52 फीसदी कृषि क्षेत्र में बारिश से ही सिंचाई होती है। यह देशभर में पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों को भरने के लिए भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, सामान्य बारिश का मतलब यह नहीं है कि देश में हर जगह और हर समय एक जैसी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश में बदलाव हो रहा है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश के दिनों की संख्या कम हो रही है। लेकिन कम समय में भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे बार-बार सूखा और बाढ़ आ रही है।

### यह औसत पिछले 50 सालों के आंकड़ों पर आधारित

आईएमडी के अनुसार सामान्य बारिश का मतलब है कि चार महीने के मानसून सीजन में 87 सेंटीमीटर की औसत बारिश का 96 फीसदी से 104 फीसदी तक बारिश होना। यह औसत पिछले 50 सालों के आंकड़ों पर आधारित है। हालांकि, हमें जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों के लिए तैयार रहना होगा। बारिश कभी भी एक जैसी नहीं होती, इसलिए हमें पानी का सही तरीके से इस्तेमाल करना होगा।











**खबर संक्षेप**

### राहत: मार्च में खुदरा महंगाई दर घटी



**नई दिल्ली।** आम लोगों को महंगाई से बड़ी राहत मिली है। देश की खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। नेशनल स्टैटिकल ऑफिस की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, मार्च में भारत की खुदरा महंगाई दर 3.34%पर आ गई। इसी के साथ खुदरा महंगाई मार्च में घटकर 67 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

### आरोप पत्र दायर,सोनिया राहुल की बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया गया है।

**कैबिनेट बैठक : मप्र में किसानों की आय बढ़ाने सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया**

# अन्नदाता मिशन को मंजूरी, किसान खेती के साथ कर सकेंगे 'व्यवसाय'

अन्नदाता मिशन के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनेगी

अन्नदाता मिशन कमेटी की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर भी एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज सतना से संबद्ध नवीन चिकित्सालय के निर्माण के लिए 383 करोड़ 22 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मप्र में किसानों की आय बढ़ाने सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया। कैबिनेट ने मप्र कृषक कल्याण (अन्नदाता) मिशन को मंजूरी दी है। इसके जरिए सरकार किसानों की आय दोगुना करने के साथ ही उन्हें संपन्न बनाएगी। इसके जरिए किसानों को खेती के साथ ही व्यवसाय करने की पॉलिसी बनाई जाएगी। किसानों को जलवायु के अनुकूल फसल लेने के साथ ही साथ परंपरागत कृषि ज्ञान का संरक्षण भी किया जाएगा। अन्नदाता मिशन के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। यह कमेटी संयुक्त रूप से काम करेगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। किसानों की आय बढ़ाने के ▸▸ शेष पेज 4 पर

**गांधी मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय में नवीन पदों की स्वीकृति**



### किसान जलवायु के अनुकूल खेती करेंगे

विजयवर्गीय ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए वे खेती के साथ और भी व्यवसाय कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने पॉलिसी बनाई है। किसान जलवायु के अनुकूल खेती का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जैविक विविधता के अनुसार परंपरागत कृषि ज्ञान का संरक्षण करने का काम किया जाएगा। मप्र कृषक कल्याण मिशन का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को जलवायु-अनुकूल बनाना, धारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, जैव विविधता और परंपरागत कृषि ज्ञान संरक्षण, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है।

### कमेटी में सभी विभागों के मंत्री-अधिकारी रहेंगे


पोषण और खाद सुरक्षा तय करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाने को मंजूरी दी गई है। कृषि से संबंधित विभागों की ओर से संयुक्त रूप से इस पर काम होगा। कमेटी में सभी विभागों के मंत्री-अधिकारी रहेंगे। अन्नदाता मिशन कमेटी की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर भी एक कमेटी का गठन किया ▸▸ शेष पेज 4 पर

### *किसानों की आय बढ़ाने की यह रहेगी तकनीक*

*किसानों की आय में वृद्धि के लिए सहकारिता एवं मत्स्य पालन के तहत सहकारिता के माध्यम से दूध संकलन के कवरेज को 26000 ग्रामों तक ले जाया जाएगा। दूध संकलन व प्र-संस्करण की वर्तमान क्षमता को बढाकर 50 लाख लीटर प्रति दिवस किया जाएगा। पशुओं में स्टॉल फीडिंग एवं मिनरल मिक्चर का घरेलू विकल्प का उपयोग से निराश्रित गोवंश की संख्या में कमी लाना। मत्स्य पालन क्षेत्र में आय वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग केज फार्मिंग तथा बायोफ्लाक तथा बायोलॉक, मछुआ/ किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्व-रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा।*

**केंद्र सरकार ने किया था दखल**

# हज यात्रियों के लिए खुशखबर बढ़ाया गया भारत का 'कोटा'



अब 2025 में 1.75 लाख से अधिक भारतीय हज यात्रा कर सकेंगे

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

हज यात्रा को लेकर बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। भारत सरकार ने हज यात्रा 2025 के लिए हज कोटा बढ़ाए जाने की घोषणा की है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी शेयर किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि सरकार के हस्तक्षेप के कारण, सऊदी हज मंत्रालय ने मीना में वर्तमान उपलब्धता के आधार पर 10,000 ▸▸ शेष पेज 4 पर

- हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोला जाएगा

### हज 4 जून से 9 जून के बीच संभावित

मंत्री किरेन रिजिजू ने लिखा हज यात्रा को सुविधाजनक बनाना नीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, यह जिम्मेदारी का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सहयोग के लिए सऊदी अधिकारियों का हार्दिक आभार। इस वर्ष हज 4 जून से 9 जून, 2025 के बीच होने की संभावना है, जो कि चांद के दिखने पर निर्भर करेगा, जो इस्लामी कैलेंडर के अंतिम महीने, ज़िल-हज की शुरुआत का संकेत देता है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट का फूटा गुस्सा**

# न्यायपालिका इस तरह की भाषा के इस्तेमाल से 'बचे'

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की, जिसमें कहा गया था कि ब्रेस्ट छूना और कपड़े फाड़ना, रेप या रेप की कोशिश नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट की उस टिप्पणी की भी आलोचना की जिसमें रेप पीड़िता के लिए कहा गया था कि उसने खुद मुसीबत को न्योता दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट को सख्त नसीहत देते हुए कहा कि

- आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद स्वतः संज्ञान लिया



न्यायपालिका को इस तरह की भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए था। सुनवाई के दौरान पीड़िता की मां भी अदालत में पेश हुईं।

जस्टिस गवई ने कहा कि अब उसी कोर्ट के दूसरे जज की ओर से एक और आदेश पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर वे जमानत देना चाहते हैं तो दे सकते थे, लेकिन उन्होंने यह क्यों कहा कि पीड़िता ने खुद मुसीबत को न्योता दिया। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एक ▸▸ शेष पेज 4 पर

**हरियाणा जमीन सौदे का मामला**

# वाड्रा से ईडी ने की पूछताछ, बाहर आकर बोले- डरने वाला नहीं हूं

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने व्यवसायी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया। 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा को इस मामले में पहली बार 8 अप्रैल को बुलाया गया था। वाड्रा के खिलाफ जांच हरियाणा के शिकोहपुर में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने ▸▸ शेष पेज 4 पर

- दो किमी पैदल चलकर ईडी दफ्तर गए वाड्रा



**सपा सांसद ने फिर छेड़ी नई चिंगारी**

# हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है...सपा सांसद बोले- गड़े मुर्दे मत उखाड़ो

एजेंसी ⏭आगरा

सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि हमने तीन सेनाएं सुनी थीं, अब चौथी सेना पैदा हो गई। चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। करणी सेना के जो रणबांकुरे हैं, उन्हें हिंदुस्तान की सरहद पर जाना चाहिए। चीन से हमें बचाना चाहिए। नहीं तो तुमसे ज्यादा नकली कोई नहीं। उन्होंने करणी सेना का नाम लिए बिना कहा कि 19 अप्रैल को अखिलेश आ रहे हैं। मैदान तैयार है, हो जाएं दो-दो हाथ। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोहल्ले में प्रचार कर देना, बड़ा खतरनाक मामला है। यदि तुम ये कहोगे कि हर मस्जिद के नीचे एक मंदिर है, तो हमें ये कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीचे एक बौद्ध मठ है। गड़े मुर्दे मत उखाड़ो और यदि उखाड़ोगे तो भारी पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई उनसे है जो मुसलमानों को ▸▸ शेष पेज 4 पर

- हमारी लड़ाई उनसे है जो मुसलमानों को बाबर की औलाद कहते हैं








**किंग्स का करिश्मा : आईपीएल इतिहास का सबसे कम स्कोर 111 डिफेंड किया**

# बॉलर्स का रहा बोलबाला.. केकेआर ने 111 रन पर बांधा पर पंजाब ने 16 रन पहले ही कहा- हम ही किंग

युजवेंद्र चहल ने 4 और मार्को यानसेन ने 3 विकेट लेकर जीत दिला दी

एजेंसी ⏭चंडीगढ़

आईपीएल 2025 के 31वें मैच में पंजाब किंग्स यानी पीबीकेएस की टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ कमाल कर दिया। पंजाब ने रोमांचक लो स्कोरिंग मुकाबले में कोलकाता को 16 रनों से हराकर नया इतिहास रच दिया। मुल्लांपुर में खेले गए मुकाबले में मेजबान पंजाब की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 111 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। पंजाब का एक भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। हालांकि, पंजाब के गेंदबाज अलग ही प्लानिंग के साथ मैदान में उतरे थे। 15.1 ओवर में कोलकाता 95 रन पर सिमट गई और कोलकाता ने 16 रन से मुकाबला जीत लिया। युजवेंद्र चहल ▸▸ शेष पेज 4 पर

पंजाब की मालकिन प्रीटी जिंटा ने चहल को बताया कि जीत के बाद उनके कांप रहे थे हाथ, उन्होंने चहल को गले लगा लिया



### प्रीति जिंटा की खुशी का नहीं ठिकाना

पंजाब की जीत के वक्त इस टीम की मालकिन प्रीति जिंटा की खुशी का ठिकाना नहीं था। प्रीति जिंटा इस मैच में जीत के बाद स्टैंड्स में कूद पड़ीं। वो जमकर शोर मचा रही थीं। प्रीति जिंटा इस पूरे मैच में शांत थीं। लेकिन जैसे ही उनकी टीम ने वापसी की उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। इस दौरान उन्होंने युजवेंद्र चहल को गले लगाया। प्रीति के कई रिएक्शन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

### पंजाब के गेंदबाजों ने किया कमाल

मैक्सवेल के बाद 12वें ओवर में गेंदबाजी करने आए चहल ने लगातार 2 गेंदों पर रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को आउट कर कोलकाता को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद मार्को येनसन ने हर्षित राणा को आउट करते हुए पंजाब की जीत की उम्मीद जगा दी। वैभव अरोड़ा के रुप में कोलकाता को 9वां झटका लगा। इसके बाद आंद्रे रसेल ने अंत में मार्को येनसेन ने आखिरी विकेट लेते हुए पंजाब को रोमांचक जीत दिला दी।

# गर्मी में यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, स्टेशन पर वीआइपी वेटिंग रूम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मियों के मौसम में यात्रियों को वेटिंग रूम को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल, रेलवे ने वीआईपी वेटिंग रूम बंद कर दिए हैं। इससे विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले और वरिष्ठ नागरिकों को काफी असुविधा हो रही है। भीषण गर्मी में जहां यात्रियों को आरामदायक स्थान की आवश्यकता होती है, वहीं वेटिंग रूम बंद होने से वे प्लेटफार्म या अन्य खुले स्थानों पर रुकने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

पहले से ही ट्रेनें भीड़भाड़ वाली चल रही हैं और वेटिंग रूम की अनुपलब्धता यात्रियों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यात्रियों को समर सीजन के आने वाले दिनों में भीषण गर्मी में ओर अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हालाकि अधिकारियों को कहना है कि वीआईपी वेटिंग रूम का मेंटेनेंस किया जा रहा है। जल्द ही काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद यात्री यहां पर रुक सकेंगे।

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से बंद है वेटिंग रूम




### यात्रियों की मांग, फिर से शुरू

यात्री लक्ष्मीकांत मिश्रा का कहना है कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए रेलवे को वेटिंग रूम की सुविधा फिर से शुरू करनी चाहिए। पहले वेटिंग रूम में आराम कर सकते थे, लेकिन अब घंटों तक बाहर खड़े रहना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है।

### यात्रियों को हो रही परेशानियां

**भोपाल।** जैसे बड़े रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक होती है और सीमित बैठने की सुविधा के कारण कई यात्रियों को खड़े रहना पड़ता है। दरअसल, पहले स्टेशन पर वीआईपी वेटिंग रूम की सुविधा उपलब्ध थी, जहां यात्री कुछ समय आराम कर सकते थे। लेकिन अब इन कमरों को बंद कर दिया गया है, जिससे यात्रियों, खासकर बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और छोटे बच्चों के साथ सफर करने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वेटिंग रूम बंद होने के कारण यात्री प्लेटफार्म, सीढ़ियों और अन्य खुले स्थानों पर बैठने के लिए मजबूर हैं।

## मंडल के 9 स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठन दे रहे... 'जल सेवा' यात्रियों को पानी पिलाकर, कर रहे हैं समाज सेवा का पुण्य कार्य

**भोपाल।** भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए रेलवे अपने स्टेशनों पर पर्याप्त पीने के पानी की सुविधा सुनिश्चित कर रहा है। गर्मी आते ही स्टेशनों पर पीने योग्य पानी की मांग बढ़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर पर्याप्त जलापूर्ति की व्यवस्था का जा रही है। भोपाल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है तो वहीं मंडल के 9 स्टेशनों पर 10 गैर सरकारी संगठन, समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है।



### संस्थाएं यहां दे रहीं निःशुल्क सेवा

*मंडल के स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठन एवं समाज सेवी संस्थाओं को स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिलाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुमति दी गई है। रेल प्रशासन हर संभव मदद करेगा। मंडल के 9 स्टेशनों (खिरकिया, हरदा, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, मंडी बामोरा, अशोकनगर, गुना पर 10 गैर सरकारी संगठन, समाज सेवी संस्थाएं सेवा भावना से निःशुल्क जल सेवा में अपना योगदान दे रही हैं।*

---

नए सत्र के साथ ही व्यवस्थाओं में जुटा विभाग

# 3 किमी के दायरे वाले छात्रों को प्रवेश के लिए दें प्राथमिकता

*प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रवेश के लिए शुरू हो गई है प्रक्रिया*




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के स्कूली स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर शुरू हुई इस प्रक्रिया में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि सरकारी स्कूलों और तीन किमी के दायरे में आने वाले विद्यार्थियों को पहले प्रवेश दिए जाएं। प्रवेश के लिए स्कूल से आवेदन फॉर्म लेना होगा। आवेदन जमा होने के बाद स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रवेश के लिए चयनित छात्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। पंजीकृत और चयनित विद्यार्थियों की सूची, वेटिंग लिस्ट के साथ स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रकाशित होगी। हालांकि इसके बाद भी अगर सीटें खाली रहती हैं तो अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

शिक्षा विभाग का यह नियम सिर्फ उन स्कूलों में लागू होगा, जिनकी बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई हैं। गाइडलाइन में बताया गया है कि मध्य प्रदेश में अभी 16 सीएम राइज स्कूल नवनिर्मित बिल्डिंग में संचालित हैं। कुछ स्कूलों के भवन जून तक हैंडओवर कर दिए जाएंगे। डीपीआई ने ऐसे स्कूलों के लिए भी दिशा निर्देश जारी विभाग ने एडमिशन में आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन चरणों में होगी प्रवेश प्रक्रिया

*स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश की गाइडलाइन जारी कर दी है। प्रदेश में संचालित सीएम राइज स्कूल (सांदीपनी विद्यालय) में प्रवेश के लिए वर्ष 2025-26 के लिए गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन नये भवन में संचालित व पुराने भवनों में चल रहे सीएम राइज स्कूलों को लिए अलग-अलग रहेगी। पहले चरण में सिर्फ उन्हीं बच्चों को एडमिशन दिया जाएगा, जो या तो एक किलोमीटर की परिधि में रहते हों या फिर पढ़ते हों। इसके बाद 2 किमी और फिर 3 किमी की परिधि वाले छात्रों को सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश में पहली प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगी। इसके बाद सीटें खाली होने पर अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।*

## राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या को लेकर कार्यशाला

**भोपाल।** राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा निर्माण के लिए 3 दिवसीय कार्य शाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के अध्यक्ष अलकेश चतुर्वेदी ने मंगलवार को भोपाल के लेक-व्यू अशोका में दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कार्यशाला में बच्चों का सर्वांगीण विकास, कौशल विकास और आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा जैसे उद्देश्य बिंदुओं पर विचार मंथन के बाद प्राप्त सुझावों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या समिति को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद राज्य की पाठ्यचर्या का निर्माण भी किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये टास्क फोर्स का गठन किया है। कार्य शाला में 11 कार्य समूहों का गठन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय पाठ्यचर्या निर्माण समिति के प्रतिनिधि, प्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के सदस्यगण, राज्य शिक्षा केंद्र विषय समन्वयक एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं के विषय विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं। कार्य शाला में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत और शिक्षा शास्त्र जैसे विषयों के संबंध में विशेषज्ञों के सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

**राज्य की पाठ्यचर्या के निर्माण की तैयारी शुरू, टास्क फोर्स का गठन**

# हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हज यात्रियों के दल का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण बुधवार 16 अप्रैल से किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

यह चिकित्सकीय दल 21 अप्रैल तक सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन स्थित मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी हज हाउस में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण करेगा। ये सेवाएं सुबह 11 से शाम चार बजे तक प्रतिदिन दी जाएगी। 21 अप्रैल के बाद टीकाकरण से वंचित हज यात्री जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में टीका लगवा सकेंगे। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि चिकित्सकीय दल द्वारा हज यात्रियों को मेनेनजाइटिस एवं पोलियो के टीके लगाए जा रहे हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था करते हुए जापानी इंसेफेलाइटिस एवं अन्य नियमित टीकाकरण भी किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत हेल्थ कार्ड भी दिया जा रहा है।




भोपाल
बुधवार, 16 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 15
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ऑनलाइन पंजीयन कराना पसंद कर रहे श्रद्धालु



## भोपाल में पहले दिन ही करीब 6000 रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से यात्रा के लिए जम्मू एंड कश्मीर बैंक की टीटी नगर शाखा में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए।

इस बार रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रुपए कर दिया गया है। बैंक शाखा में पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिए। जिन लोगों ने पहले से मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लिए थे, उन्होंने पहले ही दिन फॉर्म जमा कर रजिस्ट्रेशन कार्ड भी ले लिया। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि पहले दिन करीब 490 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराए हैं। तो वहीं ऑनलाइन 5500 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। कतार में लगने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहचान पत्र बताने पर एक ही फॉर्म दिया जा रहा है। इसी तरह समूह बनाकर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले व्यक्तियों को भी अधिकृत पहचान पत्र दिखाने पर पंजीयन फॉर्म दिए जा रहे हैं।

प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 150 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया

# अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर में 533 बैंक शाखाओं में शुरू हो गई पंजीकरण की प्रक्रिया

## इस साल 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। देशभर के 533 बैंक शाखाओं में लोग बड़ी संख्या में पंजीकरण कराने पहुंच रहे हैं। इन शाखाओं में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), जे एंड के बैंक और यस बैंक शामिल हैं। अकेले पीएनबी की 309 शाखाओं में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। पंजीकरण के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त डॉक्टर या अस्पताल से जारी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र अनिवार्य है। प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 150 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यात्रा की तारीख से आठ दिन पहले तक उस दिन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। हर दिन के लिए यात्रियों की संख्या सीमित रखी गई है, तय संख्या पूरी होने के बाद उस दिन का पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा।



फाइल फोटो

### 3 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति नहीं

*गौरतलब है कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त, रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। यह यात्रा दो मार्गों से होगी-पहलगाम (अनंतनाग जिला) और बालटाल (गांदरबल जिला)। यात्रा से जुड़े कुछ नियम भी तय किए गए हैं। 13 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति नहीं होगी, भले ही उनके पास अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र हो। इसी तरह गर्भवती महिलाओं को भी यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौर हो कि यात्रा की तिथियों की घोषणा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 5 मार्च को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बैठक में की थी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सतना में लगे इजराइली उत्पाद बहिष्कार के स्टिकर





**सतना।** नजीराबाद में मंगलवार सुबह इजराइली उत्पादों के बहिष्कार के स्टिकर देखे गए। जिन घरों और दुकानों पर ये स्टिकर लगाए गए, वहां के लोग भी इस कार्रवाई से हैरान हैं। एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया ने बताया कि स्टिकर लगाने का मकसद क्या है, इसकी जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने दोपहर तक सभी विवादित स्टिकर हटवा दिए हैं।

### नेता ने की दूसरी शादी जनसुनवाई में शिकायत



**बड़वानी।** जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. रैलास सेनानी की पत्नी डॉ. प्रियंका पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। प्रियंका ने बताया कि उनकी शादी 2013 को हुई थी। पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। साढ़े 5 साल के बेटे बेसहारा छोड़ दिया है।

### बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1500 अंकों से पार



**मुंबई।** शेयर मार्केट में मंगलवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। निफ्टी 50 इंडेक्स 500 अंकों या 2.19 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के साथ 23,328.55 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1,577.63 अंक या 2.09% उछाल के साथ 76,734.89 के लेवल पर क्लोजिंग दी। नई टैरिफ पॉलिसी पर 90 दिनों तक रोक लगाने के बाद दर्ज की गई है।

## बच्चों की तस्करी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: यूपी सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार

अदालत ने बच्चों की तस्करी को रोकने और बाल तस्करी अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकारों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए

# नवजात की 'चोरी' पर रद हो अस्पताल का लाइसेंस

सुप्रीम कोर्ट ने तस्करी करके लाए गए बच्चे को उत्तर प्रदेश के दंपती को सौंपने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की




एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

बच्चों की तस्करी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। अदालत ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर यूपी सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाई है। अदालत ने बच्चों की तस्करी को रोकने और बाल तस्करी अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकारों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए।

कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद कर दिया जाना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सभी राज्य सरकारें हमारी विस्तृत सिफारिशों पर गौर करें और भारतीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करें तथा उसे जल्द से जल्द लागू करें। न्यायालय ने निर्देश दिया कि सभी आरोपी आत्मसमर्पण करेंगे और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा और यह अनिवार्य किया कि आरोप तय होने के एक हफ्ते के अंदर आरोप तय किए जाएं। कोर्ट ने आगे कहा, हाई कोर्ट को कम से कम ऐसी शर्तें लगानी चाहिए थीं, जिनमें आरोपियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती। हाई कोर्ट ने जमानत आवेदनों को लापरवाही से निपटाया और इसके कारण कई आरोपी फरार हो गए।

**सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति जानने का निर्देश दिया**



### पीठ ने कहा

- सभी राज्य सरकारें हमारी विस्तृत सिफारिशों पर गौर करें और भारतीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करें तथा उसे जल्द से जल्द लागू करें।
- हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई

### कोई अपील क्यों नहीं की?

अदालत ने आगे कहा कि हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा।

### समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा

*सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति जानने का निर्देश दिया है। इसके बाद 6 महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन प्रतिदिन सुनवाई करने का निर्देश दिया जाएगा। गौर हो कि कोर्ट ने यह आदेश उस मामले की सुनवाई के दौरान दिया जिसमें तस्करी करके लाए गए एक बच्चे को उत्तर प्रदेश के एक दंपति को सौंप दिया गया था, जो बेटा चाहते थे। पीठ ने कहा कि आरोपी दंपती बेटा चाहते थे और उन्होंने चार लाख रुपए में बच्चा खरीद लिया। जबकि वे जानते थे कि बच्चा चोरी करके लाया गया है। हाईकोर्ट ने भी जमानत आवेदनों पर संवेदनहीनता से कार्रवाई की। इसके चलते आरोपी फरार हो गए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपी समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।*

देवास माता टेकरी पर पुजारी से अभद्रता का मामला



## विधायक के बेटे रुद्राक्ष ने माता टेकरी पुजारियों का सम्मान कर मांगी माफी

केस दर्ज होने के बाद विधायक शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष समेत चार थाना कोतवाली में हुए पेश, मुचलके पर मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



माता टेकरी पहुंचकर पुजारी के साथ अभद्रता करने के मामले में मंगलवार को भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला समेत चार अन्य कोतवाली थाने में अपने वकील के साथ पेश हुए। पांचों को मुचलका भरवाकर जमानत दे दी गई। जमानत के बाद रुद्राक्ष अपने परिजनों के साथ माता टेकरी पहुंचे। पहले उन्होंने बड़ी माता तुलजा भवानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उसके बाद मां चामुंडा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उसके बाद पुजारियों का सम्मान कर उनके पैर छूकर माफी मांगी। पुजारियों को माला पहनाकर शाल श्रीफल भेंट किए। मीडिया बाइट से बचते नजर आए और जय माता दी बोलते रहे। पुजारी उपदेश नाथ जिनके साथ अभद्रता की गई थी उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष शुक्ला ने माफी मांगी है, उन्होंने कहा ▶▶शेष पेज 4 पर

### पुजारी ने शिकायत में यह कहा था

बीते शुक्रवार रात 12 बजे बाद रुद्राक्ष शुक्ला व उसके साथियों ने माता टेकरी पर पहुंचकर पुजारियों पर मंदिर के पट खोलने का दबाव बनाया था। शनिवार को पुजारी ने मामले में पुलिस से शिकायत की थी। पुजारी उपदेश नाथ के पिता ने कहा कि मेरे बेटे के साथ मारपीट की गई। उसे धमकाया गया। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज भी सामने आए थे। मामले में पुलिस ने बताया कि सोमवार को पीड़ित पुजारी उपदेश नाथ के बयान हुए। इन बयानों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 9 लोगों पर केस दर्ज किए गए। 5 वाहन जब्त किए हैं।

साढ़े 12 लाख में हुई थी बुकिंग

## बेटे का सपना हुआ पूरा, दुल्हन लेने हेलीकॉप्टर से पहुंचा दूल्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन



जिले के घट्टिया क्षेत्र के गांव चौंसला में बोरिंग और प्रॉपर्टी का व्यवसाय करने वाले जितेन्द्र सिंह गोहिल के बेटे कप्तान सिंह का सपना था कि वह हेलीकॉप्टर से बारात ले जाए। जितेन्द्र ने बेटे का सपना पूरा किया है।

चौंसला गांव से एक दूल्हा हेलीकॉप्टर से इंगोरिया गांव में पहुंचा। दोनों गांव में हेलीकॉप्टर से आई बारात देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों गांव में हेलीपैड बनाए गए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। हेलीकॉप्टर बुकिंग में 12.50 लाख रुपए खर्च किए गए। कप्तान सिंह की शादी इंगोरिया की रहने वाली लक्ष्मी कुंवर ▶▶शेष पेज 4 पर

गडकरी का ऐलान- 15 दिनों में नई टोल नीति भी

## मुंबई-गोवा के बीच हाईवे जून तक हो जाएगा पूरा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

- सैटेलाइट ट्रैकिंग और गाड़ी के नंबर प्लेट की पहचान

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मुंबई-गोवा हाईवे का निर्माण कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अभी ज्यादा नहीं कहूंगा, लेकिन अगले 15 दिनों में नई टोल नीति का ऐलान होगा



और उसके बाद किसी को टोल को लेकर कोई शिकायत नहीं रहेगी। गडकरी ने दोहराया कि जल्द ही पूरे देश से फिजिकल टोल बूथ हटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार एक नई टोल नीति पर काम कर रही है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। ▶▶शेष पेज 4 पर

जयपुर की कंपनी ने की थी एक करोड़ रुपए की ठगी

## ज्वेलरी कंपनी के सीईओ को तीन साल की सजा, 3 करोड़ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

- 675 निवेशकों से सोना बुकिंग के नाम निवेश कराई राशि

जिले की नसरुल्लागंज कोर्ट ने ईव मिरेकल ज्वेलर्स लिमिटेड कंपनी जयपुर के संचालक द्वारा 607 लोगों से 1 करोड़ 13 लाख 63 हजार 961 रुपए की ठगी करने वाले कंपनी के सीईओ को 3 साल का सश्रम कारावास एवं 3 करोड़ 9



लाख 75 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश तहसील नसरुल्लागंज ऊषा तिवारी ने मंगलवार को सुनाया। विशेष लोक अभियोजक शिरीष उपासनी ने बताया कि फरियादी कैलाश नारायण जाट ने 20 फरवरी 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह ग्राम रिछारिया का निवासी है। ईव मिरेकल ज्वेल्स लिमिटेड 112 बी वृंदावन विहार किंग्स रोड निर्माण नगर अजमेर रोड जयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवराज शर्मा पिता राधेश्याम, संचालक हरीश शर्मा दोनों निवासी जयपुर ईव मिरेकल ज्वेल्स ▶▶शेष पेज 4 पर

पूर्व सीएम ने बाबा रामदेव के खिलाफ खोला मोर्चा

आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की

## रूह अफजा शरबत को हिंदू मुस्लिम विवाद में डाल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बाबा रामदेव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा ने अपने गुलाब शरबत को बेचने के लिए रूह अफजा शरबत को हिंदू मुस्लिम विवाद में डाल दिया और मोहब्बत के शरबत को शरबत जिहाद का नाम दे दिया। दिग्विजय ने टीटी नगर थाने पहुंचकर रामदेव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 196 (1)(क), 299 एवं आईटी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करने की मांग की है। आरोप लगाया है कि बाबा ने पतंजलि के गुलाब शरबत की मार्केटिंग की। शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत देती है लेकिन वह शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिद बनवाती है।



### मामले की जांच कर रहे

इस संबंध में एडीसीपी रश्मि अग्रवाल दुबे का कहना है कि योग गुरू बाबा रामदेव के खिलाफ दिग्विजय सिंह ने एफआईआर के लिए एक शिकायती आवेदन दिया है। मामले की जांच की जा रही है जो तथ्य आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

पीड़ित एयर होस्टेस के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज

पुलिस ने एफआईआर दर्ज की अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही

## अस्पताल में एयर होस्टेस वेंटिलेटर पर थी और आरोपी करता रहा छेड़छाड़...नर्सें देखतीं रहीं

एजेंसी ▶▶गुरुग्राम

हरियाणा में गुरुग्राम के एक बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में एयर होस्टेस के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ कर उसका यौन उत्पीड़न किया गया। जिस वक्त ये घटना हुई, एयर होस्टेस वेंटिलेटर पर थी।

इस वजह से वह कुछ नहीं बोल सकी। जिस वक्त अस्पताल का मेल स्टाफ उससे छेड़छाड़ कर रहा था, वहां पर 2 नर्स भी खड़ी थीं, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एयर होस्टेस ने पति को बताया तो उन्होंने अस्पताल बदल लिया। इसके बाद लीगल एडवाइजर के साथ पुलिस के पास पहुंचकर उसने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एयर होस्टेस गुरुग्राम में ट्रेनिंग लेने आई थी। जहां वह एक होटल में ठहरी थी। यहां स्वीमिंग पूल में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि पीड़ित एयर होस्टेस के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कर लिए गए हैं।



### फाइव स्टार होटल में पानी में डूबने से तबीयत बिगड़ी

*एयर होस्टेस (46) ने बताया कि वह एक प्रतिष्ठित एयरलाइंस कंपनी में काम कर रही है। अपनी एयरलाइन कंपनी की तरफ से गुरुग्राम में ट्रेनिंग लेने आई थी। यहां वह एक फाइव स्टार होटल में रुकी। इस दौरान पानी में डूबने से उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। एयर होस्टेस ने आगे बताया- 5 अप्रैल को उसे गुरुग्राम में ही एक बड़े अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया। उसकी हालत को देखते हुए अस्पताल में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। 6 अप्रैल को अस्पताल के ही एक मेल स्टाफ ने उससे छेड़छाड़ की। एयर होस्टेस ने कहा- 13 अप्रैल को उसने यौन उत्पीड़न के बारे में पति को बताया। पति ने उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कर दिया। फिर उन्होंने अपने लीगल एडवाइजर को बुलाया। एडवाइजर से सलाह के बाद उनके पति ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। इसके बाद थाना सदर पहुंचकर लीगल एडवाइजर के सामने पुलिस को शिकायत दी।*

# हुकुमचंद मिल की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र होगा

- तय करेंगे उद्योगपति बनाएं मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास
- मुख्यमंत्री ने किया वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के अधिवेशन का शुभारंभ



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूर भाई-बहनों की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गए हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई। प्रावधान किया जाएगा कि उद्योगपति औद्योगिक परिसर में मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास बना कर दें। डॉ यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

### अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि संबल योजना अन्तर्गत मजदूरों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के संबल के लिए अनुग्रह राशि दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। संबल योजना में रतलाम जिले के 4 लाख 92 हजार मजदूरों का पंजीयन किया जा चुका है। योजना में पुनः सर्वे कराया जाकर वंचित रहे शेष पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान प्रदान किए जाएंगे।

### किसानों के लाभ वाली योजनाओं का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की स्थिति बेहतर करने के लिए हर किसान के खेत पर पानी पहुंचाना, बिजली के संसाधन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मोटा अनाज (श्री अन्न) उत्पादन के लिए प्रेरित करने के लिए रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत कोदो, कुटकी, मक्का तथा मोटे अनाज उत्पादन करने वाले कृषको को एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। डॉ. आंबेडकर जयन्ती के अवसर से सरकार द्वारा गोपालकों से सहकारिता समितियों के माध्यम से दूध खरीदने की व्यवस्था के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना प्रारम्भ की गई है। पशुपालन अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारिता आधारित कार्य किया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 25 से ज्यादा गाय-भैंस पालने वाले गौपालक को अनुदान दिया जाएगा।

कार्यक्रम को रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, अखिल भारतीय मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के संस्थापक अरविन्द मोघे का अंग वस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विधायक सभागृह रतलाम में आयोजित अधिवेशन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक मथुरालाल डामर, विधायक चिन्तामण मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज मामले के बाद हटाई गईं ठाकुर बनीं एनएचआरसी में एसपी

**भोपाल।** प्रदेश के बहुचर्चित मऊगंज कांड के बाद जिले के एसपी पद से हटाई गईं रसना ठाकुर को भोपाल के मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)में एसपी बनाया गया है। पिछले महीने रसना ठाकुर को मऊगंज से ट्रांसफर कर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में एआईजी के पद पर भेजा गया था। मंगलवार को शासन ने आदेश जारी करते हुए रसना ठाकुर की सेवाएं अब सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपते हुए उन्हें मानवाधिकार आयोग, भोपाल में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किया है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला

**भोपाल।** भाजपा द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी दिनों प्रदेश के प्रत्येक जिले में उनके व्यतित्व, कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजपा प्रदेश कार्यालय में 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे प्रदेश स्तरीय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम एवं अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित वक्ता कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रत्येक जिले के कार्यक्रम प्रभारी एवं आमंत्रित वक्तागण उपस्थित रहेंगे।

### संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रदर्शन आज

**भोपाल।** संविदा एवं आउट सोर्स कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बुधवार को राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न शासकीय अस्पतालों में 30 हजार के अधिक संख्या में सपोर्ट स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ऑक्सीजन टेक्नीशियन, सुरक्षा कर्मी वार्डबॉय, वार्ड आया, सफाई कर्मी, ड्राइवर, माली एवं कई महत्व पूर्ण पदों पर वर्षों से अल्प वेतन में सेवाएं दे रहे हैं लेकिन सरकार द्वारा इन कर्मचारियों के लिए कोई नीति नहीं बनाई गई। अधिकारियों एवं निजी आउट सोर्स एजेंसियों की कमीशन खोरी और मनमानी के कारण शासन द्वारा निर्धारित वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं कई जिलों में पांच-छह माह से वेतन भुगतान भी नहीं किया जा रहा है जिससे उन सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है।

### राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन 27 को राजधानी में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन राजधानी भोपाल में 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव, शिव चौबे, रमेश शर्मा, संघ के प्रांतीय, संभागीय, जिला पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा कि इस बार आज मंडला से डाली जाएगी राशि

# अब हर महीने की '15 तारीख' के ही आसपास लाड़ली बहनों को मिलेगी राशि

अगले 5 साल में दुग्ध उत्पादन 2 करोड़ लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालकों के उत्पादित दूध एवं इससे जुड़े अन्य उत्पाद अब सीधे एनडीडीबी के माध्यम से खरीदे जाएंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 16 अप्रैल को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहनों के खाते में राशि का अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राशि अंतरण की तारीख में सदैव एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि लाड़ली बहनों के खाते में हस्तांतरित करेगी। 16 अप्रैल बुधवार को मंडला जिले से एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनों के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 13 अप्रैल को राज्य सरकार तथा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य सहकारिता अनुबंध हुआ। प्रदेश के पशुपालकों को इसका सीधा लाभ होगा। पशुपालकों के उत्पादित दूध एवं इससे जुड़े अन्य उत्पाद अब सीधे एनडीडीबी के माध्यम से खरीदे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से 5 रुपए प्रति लीटर बोनस के रूप में प्रोत्साहन राशि देने सहित डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना का प्रचार-प्रसार एवं मप्र के दूध की प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग भी की जाए।

**खास बातें**

- प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध उत्पादन की करें व्यापक मार्केटिंग
- एनडीडीबी के साथ कॉम्प्रिहेंसिव प्लान किया जा रहा है तैयार

### अभी मात्र 10 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनडीडीबी की ओर से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कॉम्प्रेहेंसिव प्लान मप्र सरकार के साथ मिलकर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल को केंद्रीय मंत्री से मिले निर्देशों में नए लक्ष्य शामिल कर एनडीडीबी के साथ हुए अनुबंध में आवश्यक संशोधन करने के लिए भी कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि प्रदेश में अगले 5 साल में 2 करोड़ लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। इस दिशा में एनडीडीबी से भी मार्गदर्शन लें। उन्होंने कहा कि अभी प्रदेश के दुग्ध संघों की ओर से मात्र 10 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन किया जाता है।

### प्रदेश को मिली 10 राजमार्गों की सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 10 अप्रैल को प्रदेश को 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कर सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल से महू से नई दिल्ली के मध्य सीधी रेल सेवा प्रारंभ होने की जानकारी देकर बधाई दी।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर अभयारण्य बना सागर में

मुख्यमंत्री ने कहा कि सागर जिले में आरक्षित वन के 258.64 वर्ग किमी वनक्षेत्र को अभयारण्य घोषित किया गया है। सरकार ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह प्रदेश का 25 वां अभयारण्य है। इस नए अभयारण्य का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर अभयारण्य रखे जाने की जानकारी देकर कहा कि यह बाबा साहेब को पर्यावरण संरक्षण के लिए उनकी ओर से किए गए कार्यों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट को बताया कि विक्रमोत्सव-2025 अंतर्गत दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का 12 से 14 अप्रैल तक सफल मंचन किया गया। महानाट्य का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।

# तालाबों और कुओं को साफ रखें, यदि आज सहेजेंगे तो हर खेत को कल मिलेगा जल

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रही विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश के जिलों में जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के लिये विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जनभागीदारी से जल संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। प्राचीन जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित वॉटरशेड महोत्सव-2025 जल संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही। कार्यक्रम में विधायक शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र जैन, जनप्रतिनिधि, किसान, पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा, छात्र-छात्राएं, और स्थानीय जन मौजूद रहे। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का उद्देश्य /"हर खेत को पानी/" देना है, ताकि किसानों को वर्ष भर सिंचाई की सुविधा मिल सके और खेती की उत्पादकता में वृद्धि हो। योजना के तहत वाटरशेड डेवलपमेंट एक महत्वपूर्ण घटक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और भूमि सुधार जैसे कार्यों पर केन्द्रित है।



### देवास में तालाब के गहरीकरण से पानी का होगा संचय, वॉटर लेवल भी बढ़ेगा

देवास जिले में प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत टिगरिया गोगा एवं पर्वतपुरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरीकरण होने से बारिश के दिनों में अधिक पानी का एकत्रितकरण होगा तथा वॉटर लेवल भी बढ़ेगा। इससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### छतरपुर में प्रताप सागर तालाब की सफाई

छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्राम निवरिया में ग्रामीण लोगों की बैठक कर लोगों को तालाबों, कुएं एवं बावड़ियों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और श्रमदान की शपथ दिलाई गई। प्रताप सागर तालाब की सफाई अभियान कराया गया। राजनगर के बसारी के ग्राम भैरा में श्रमदान किया गया।

### धार के जलगंगा अभियान में युवाओं ने दिखाया सामाजिक उत्तरदायित्व

धार एवं तिरला विकासखंड में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार के जीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, नवांकुर समिति, सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद ग्राम जेतपुरा स्थित तालाब की सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसमें सभी छात्रों और अतिथियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। शहडोल जिले के ब्यौहारी की महिलाओं ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल का महत्व बताने के लिए दीवार पर नारे लिखें तथा जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

# दलितों पर अत्याचार चरम पर, मुरैना गोलीकांड इसका ताजा प्रमाण

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मुरैना जिले के हिंगोना गांव में बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती



पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के समर्थकों द्वारा एक दलित युवक संजय सेमिल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के पिता चिम्बन सिंह ने साफ तौर पर मंत्री समर्थकों को दोषी बताया है। इस हमले में रानू दौनेरिया नामक एक अन्य दलित युवक को भी गोली लगी और एक तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि ये गंभीर आरोप तब सामने आए जब मृतक दलित संजय के पिता चिम्बन सिंह से वीडियो कॉल पर बात की। पटवारी ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का जीता-जागता प्रमाण बताया है।

पटवारी ने ऐलान किया कि वे स्वयं मुरैना जा रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री से घटना की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस स्पष्ट करती है कि वह दलितों पर हर अत्याचार के खिलाफ मजबूती से खड़ी है।

# बाबा साहेब से लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक का विरोध करने वाली कांग्रेस का 'खोखला दलित प्रेम' उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस के कथनी व करनी में अंतर पर सीधा सवाल किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर से लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक का विरोध करने वाली कांग्रेस का खोखला दलित प्रेम अब उजागर होने लगा है। उन्होंने कांग्रेस पर कमलनाथ सरकार के समय हुए मामलों पर निशाना साधा है। अग्रवाल ने एक्स पर



कहा कि जीतू पटवारी भूल जाते हैं कि प्रदेश में दलित दमनकारी कांग्रेस का राज नहीं भाजपा की मोहन सरकार का शासन है, जो गरीब दलित युवाओं और महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार के शोषण के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है।

### मुरैना में 3 लोग गिरफ्तार

मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि मुरैना जिले के मामले में तत्काल कार्रवाई कर 3 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बाकी भी शीघ्र गिरफ्त में होंगे। पर जिस कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड दलित, आदिवासी, पिछड़ों का हक छीनकर वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टिकरण करने का हो, वह अपनी 15 महीने की भ्रष्ट कमलनाथ सरकार के कुकर्मों को नहीं भूले।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. पटेल ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान पर दी प्रतिक्रिया

# वक्फ संशोधन बिल पारित होने से हताश हैं कांग्रेस नेताः डॉ. सनवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की पत्रकार-वार्ता पर कहा कि दिग्विजय सिंह समेत कांग्रेस के अन्य नेता मुस्लिमों में अपना जनाधार खिसकते और वोट बैंक को बिखरते देख बौखला गए हैं। देश-प्रदेश की जनता द्वारा बार-बार नकार दिए जाने के बावजूद कांग्रेस के लोग अभी भी यथार्थ स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं और वे आज भी जाति-धर्म के सहारे अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। उन्हें मप्र का शांति और सौहार्द्र का वातावरण चुभने लगा है, इसलिए वे बयानों से माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. पटेल ने कहा कि मप्र में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार है और उसके लिए प्रदेश की कानून व्यवस्था पहली प्राथमिकता है।

### वक्फ बिल से नकारा हुआ भू-माफिया

डॉ. पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो वक्फ संशोधन बिल पारित कराया है, उसके बाद वक्फ के नाम जमीनों पर कब्जा कर करोड़ों रुपयों की हेरफेर करने वाला भू-माफिया बेकार हो गया है। अब वक्फ बोर्ड को होने वाली आय का उपयोग गरीब मुस्लिमों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इस तरह की बयानबाजी से ये नेता अपनी हताशा ही जाहिर कर रहे हैं।

### वातावरण बिगाड़ना चाहती है कांग्रेस

डॉ. पटेल ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे का इस्तेमाल देश में आग लगाने में करना चाहते थे। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा कि भोपाल जैसे शहर में मुस्लिम लोग उनकी बात न मानते हुए वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में प्रदर्शन भी कर सकते हैं।

# वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से भोपाल में

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव करेंगे शुभारंभ
- विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन
- जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे।

दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूंगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे।

### प्रमुख विषय-वन संरक्षण पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन

राष्ट्रीय कार्यशाला के सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे।

### राज्यपाल पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित

राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

### मंदसौर में 3 मई को लगेगा कृषि मेला, सीएम से की भाकिसं के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट

# मप्र में लगेंगे किसान मेले, कृषि संबद्ध कार्यों के लिए मिलेगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी संभागों में इस वर्ष किसान मेले आयोजित होंगे, जिसमें किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित विभिन्न कार्य पद्धतियों और नए अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर भारतीय किसान संघ ने प्रदेश में किसानों को 5 रुपए के शुल्क पर विद्युत कनेक्शन और फसलों पर बोनस राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 मई को मंदसौर में किसान मेले का आयोजन जा रहा है। संभाग स्तरीय किसान मेलों के बाद अक्टूबर माह में एक वृहद राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित होगा।

### अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का अभियान



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में एक वर्ष में दस लाख सौर ऊर्जा पम्प प्रदान करने का लक्ष्य है। यह कार्य अभियान के रूप में चलेगा। एक हॉर्स पॉवर से दस हॉर्स पॉवर तक सोलर पम्प स्थापना के लिए किसान को राशि जमा करवाकर निर्धारित अवधि में कनेक्शन दिए जाएंगे। प्रदेश में किसान खुद बिजली बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने मजरों टोलों के निवासी जनजातीय वर्ग के लोगों को इस कार्य में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में तीन दिन में सोलर पम्प स्थापना के लिए लगभग 17 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### सुझावों पर करेंगे अमल

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर राज्य सरकार अमल करेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रदेश में गठित एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) को सक्रिय करने, किसानों की ओर से नरवाई जलाने को निरूत्साहित करने और रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बड़ी परियोजनाओं के लिए किसानों की भूमि लेने पर बदले में भूमि देने के प्रावधान, किसान को हिस्सेदार और मालिक बनाकर उनका हित सुनिश्चित करने, दूध पर बोनस, कम पानी से सिंचाई से मक्का उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौशालाओं के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से संचालन, उच्च शिक्षा में कृषि विषय के अध्ययन और जिलों में पर्याप्त पशु चिकित्सकों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा हुई।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्नदाता मिशन मील का पत्थर साबित होगा : चौधरी

- भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने अन्नदाता मिशन की मंजूरी पर सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में किसानों की आय



बढ़ाने अन्नदाता मिशन को मंजूरी प्रदान करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार द्वारा लागू किए जा रहा अन्नदाता मिशन किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### किसानों की आय बढ़ाने मिशन मोड पर होगा कार्य

चौधरी ने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करेगी। एनडीडीबी और मप्र डेयरी फेडरेशन में हुए हुए एमओयू से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं डॉ. आंबेडकर पशुधन योजना में किसान दूध का उत्पादन भी करेंगे, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा ही किसानों की आय भी तेजी से बढ़ेगी।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 16 अप्रैल 2025

08 निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त और गणिका वसंतसेना ...



12 डॉ. रचना ने नोडल अधिकारी और डॉ. बलराम ...





### पल भर में घर की खुशियां मातम में बदलीं, चल रही थी शादी की बात, मंगलवार को ही जाना था वधु पक्ष के घर

# शाहजहांनाबाद की डीपी में फॉल्ट से कई घरों में फैला करंट, युवक की हुई मौत



तेज गर्मी के बावजूद लोग घरों में प्रवेश करने की हिम्मत नहीं जुटा सके। वे बाहर ही बैठे रहे। इनसेट में मेन स्विच, जिसे बंद करने सतीश उठा था।

### मौत के लिए बिजली कंपनी जिम्मेदार

वार्ड के रहवासी राकेश भारद्वाज ने कहा कि घटना की पूरी जिम्मेदारी एमपीईबी की है। क्षेत्र में हमेशा डीपी में आग लगती रहती है। कई बार सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। अधिकारियों की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई, ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### डीपी में फॉल्ट से जले कूलर, पंखे, फ्रिज

शाहजहांनाबाद में करंट फैलने की घटना से क्षेत्र के लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है। जब यहां इस तरह की घटना हुई हो। इससे पहले भी कई बार घरों में करंट फैलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहानांबाद इलाके में स्थित संजय नगर में डीपी फॉल्ट होने से कई घरों में करंट फैल गया। इस दौरान एक युवक को अपने घर का स्विच ऑफ करने के दौरान ऐसा झटका लगा कि वो लोहे के गेट से टकरा गया। घटनाक्रम में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। खास बात यह है कि जिस युवक की मौत हुई उसकी शादी की बात चल रही थी। आज वह अपने परिजनों के साथ लड़की पक्ष के घर जाने वाला था।

पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम संजय नगर इलाके का है। 25 वर्षीय सतीश पिता लालचंद हलवाई का काम करता था। मंगलवार सुबह अचानक डीपी में शार्ट सर्किट हुआ तो लोगों के घरों में करंट फैल गया। इस दौरान सतीश को पता चला तो वह अपने घर के स्विच ऑफ करने लगा। इसी दौरान करंट का झटका लगा और वह घर में लगे लोहे के गेट से टकरा गया। लोहे के गेट में भी पूरी तरह करंट फैला हुआ था जिससे वह चपेट में आ गया। घटनाक्रम में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी यूपीएस चौहान ने घटनाक्रम के संबंध में बताया कि मृतक की बहन से पता चला कि उसके भाई के शादी की बात चल रही थी। उसका कहना था कि आज लड़की पक्ष के यहां जाने का प्लान बना था। सब घर में खुश थे, लेकिन किसी को पता नहीं था कि पल भर में मातम छा जाएगा।

## बिजली विभाग को किया सूचित, एसडीएम को नहीं दी सूचना

शाहजहांनाबाद में मंगलवार सुबह बिजली के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से संजय नगर के घरों में करंट फैल गया। ऐसे में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। इधर लोगों के घरों के बिजली उपकरण भी जल गए हैं। घटना के बाद बिजली विभाग को सूचना दी गई है, हालांकि बैरागढ़ एसडीएम आदित्य जैन का कहना है कि करंट से हुए हादसे के संबंध में सूचना नहीं मिली है।



करंट फैलते लोग घरों से बाहर निकल गए। कुछ देर तक गली में सन्नाटा पसरा रहा।

### बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

*वार्ड-11 के पूर्व पार्षद मेवालाल केनर्जी ने कहा कि घटना की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की है। क्षेत्र में आए दिन ट्रांसफर में आग लगती रहती है। कई बार सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज करवाई गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।*

### मामले की जांच के लिए गठित की टीम

*शाहजहांनाबाद में हुई घटना दुखद है। डीपी में शार्ट सर्किट से करंट फैला या कोई अन्य कारण है, इसकी जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठित की गई। मंगलवार को टीम के सदस्यों ने डीपी का निरीक्षण किया। बुधवार को मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर टीम सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

समर शर्मा, डीजीएम, मध्य क्षेत्र विद्युत बिजली कंपनी

### दरवाजे से चिपक गए थे सतीश



स्थानीय निवासियों ने बताया कि सुबह करीब सात बजे जब सतीश अपने घर से बाहर निकल रहा था, तभी उसने दरवाजे को पकड़ा और उसे जोरदार करंट लगा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में सतीश के घर के टीवी, पंखे और कूलर भी जल गए। कई अन्य घरों में भी इसी तरह का नुकसान हुआ है।

---

**विवि को नई दिल्ली से मिली थी शिकायत**

## आरजीपीवी में रैगिंग के मामले में गिरी 4 छात्रों पर गाज, एंटी रैगिंग कमेटी ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीते दिनों छात्रों के बीच हुई मारपीट के मामले में अब रैगिंग का मामला सामने आया है। विवि के बीटेक द्वितीय वर्ष के एक छात्र पवन रजक द्वारा सहपाठी छात्रों के विरुद्ध परिसर में स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सामने 5 अप्रैल की सुबह मारपीट करने के संबंध में यूजीसी एंटी रैगिंग हेल्पलाइन, नई दिल्ली को शिकायत की गई थी। इसके बाद विवि को इस मामले की शिकायत मिली। विवि की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन द्वारा एक और ईमेल मिला, जिसमें शिकायतकर्ता छात्र ने उक्त घटना में लिप्त तीन अन्य छात्रों पर भी आरोप हैं। घटना की जांच लिए 8 और 15 अप्रैल को विवि की एंटी रैगिंग समिति की बैठक हुई।

इसमें पारित अनुशंसा के अनुसार इस मामले में दोषी पाए गए छात्रों पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें प्रमुख रूप से बीटेक के एक छात्र को मार-पीट का दोषी पाया गया है। पूर्व में भी अनुशासनहीनता की कई घटनाओं में लिप्त रहने पर प्राचार्य यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक को निर्देशत किया गया है कि छात्र को संस्था से एक वर्ष और विषम सत्र के लिए निष्कासित किया जाए। छात्रों को पूर्व के अनुशासनहीन आचरण एवं वर्तमान घटना में संलिप्तता के आधार पर संस्था से छह माह के लिए निष्कासित किया गया है। वहीं बीटेक द्वितीय वर्ष के एक छात्र को भी छह माह के लिए निष्कासित किया गया है। साथ ही, छात्र का छात्रावास में कक्ष का आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। वहीं , एसओआईटी तृतीय वर्ष के एक पूर्व के अनुशासनहीन आचरण और वर्तमान घटना में संलिप्तता को देखते हुए संचालक, एसओआईटी-आरजीपीवी को निर्देशित किया गया है कि छात्र को संस्था से छह माह के लिए निष्कासित किया जाए।

### हॉस्टल में शराब पीते मिले तो किया निष्कासित

इधर, आरजीपीवी के एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास के छात्र अंश पाण्डेय को 25 मार्च की रात कमरा नंबर 36 में मदिरापान करते हुए पकड़े जाने के मामले में 8 अप्रैल को अनुशासन समिति की बैठक हुई। इसमें पारित अनुशंसा के अनुसार छात्र अंश पांडेय, बी. टेक., प्रथम वर्ष को छात्रावास से तत्काल प्रभाव से निष्कासित करते हुए 2000 रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। साथ ही विभागाध्यक्ष, ऑटोमोबाइल को निर्देशित किया गया है कि वे छात्र के अभिभावक को संस्था में बुलाकर नियमों की गतिविधियों की जानकारी दें।

---

*खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हॉकर्स कॉर्नर संचालकों को दी हिदायत*

## फास्ट फूड में अजीनोमोटो, विनेगर और कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित मात्रा में ही किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समोसे-कचौड़ी और अन्य खाद्य सामग्री के तेल को तीन बार से अधिक उपयोग नहीं किया जाए। नूडल्स, पास्ता, ड्राई मंचुरियन और अन्य फास्ट फूड में अजीनोमोटो, विनेगर के साथकृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित मात्रा में ही किया जाए, जिससे आम लोगों की सेहत को दुरुस्त रखा जा सके। यह हिदायत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रगति पेट्रोल पंप स्थित हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को दी।

खाद्य सुरक्षा विभाग आम लोगों की सेहत को लेकर जागरुकता अभियान चला रहा है। जिसके लिए हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को साफ-सफाई और अन्य जरूरी उपाए करने की हिदायत दी जा रही है। मंगलवार को प्रगति पेट्रोल पंप स्थित हॉकर्स कॉर्नर के संचालकों को विशेष ट्रेनिंग दी गई। जिसमें मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि अजीनोमोटो, विनेगर, कृत्रिम पलेवर्स और कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित और निर्धारित सीमा के अंदर किया जाना चाहिए।



### तेल का उपयोग तीन बार से अधिक न करें

उन्होंने समोसे-कचौड़ी तलने के तेल का तीन बार से अधिक उपयोग नहीं करने, साफ कपड़े ग्लव्ज, एप्रिन का उपयोग करने की बात भी कही। खाद्य विभाग स्कूल और कॉलेज में भी खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए प्रशिक्षण दे रहा है।

### समोसे-कचौड़ी के लिए सैंपल

टीम ने हॉकर्स कॉर्नर संचालकों को जरूरी हिदायत देने के साथ फास्ट फूड, जंक फूड की गुणवत्ता का परीक्षण कराने के लिए जैन नाश्ता सेंटर, एमपी नगर जोन-2 से समोसे और कचौड़ी के सैंपल एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे हैं।

---

## पंद्रह दिन में मिलीं स्ट्रीट लाइट की 121 शिकायतें, स्ट्रीट डॉग बाइट की 1195

*महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा में हुआ खुलासा*


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में नगर निगम की बंद स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है, जिसकी वजह से शहर की सड़कें अंधेरे में पड़ी हैं। मंगलवार को जब महापौर मालती राय ने महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा की तब खुलासा हुआ कि पिछले 15 दिनों में 121 शिकायतें स्ट्रीट लाइट से संबंधित की गई थीं। 18 मार्च को 180 शिकायतें थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें या तो बंद पड़ी हुई या खराब हो गई हैं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने महापौर को बताया कि 1312 शिकायतों में से 876 शिकायतों का निराकरण हुआ है। शेष 436 शिकायतें लंबित हैं। जिनमें सबसे अधिक शिकायतें स्ट्रीट लाइट से जुड़ी हैं। इसके अलावा सर्वाधिक शिकायतें आवारा श्वान, भवन अनुज्ञा, जलप्रदाय, सीवेज ब्लाक को लेकर दर्ज कराई गई।



### पिछले 15 दिनों में हुई शिकायतें

| विभाग | शिकायत संख्या |
|---|---|
| आवारा श्वान | 1195 |
| स्ट्रीट लाइट | 121 |
| भवन अनुज्ञा | 104 |
| जल प्रदाय | 93 |
| सीवेज ब्लाक | 90 |
| स्मार्ट लाइट | 79 |
| स्वास्थ्य | 62 |
| सीवेज ब्लॉक न्यू | 37 |
| सिविल | 32 |
| उद्यान | 22 |
| अतिक्रमण | 15 |
| गोवर्धन परियोजना | 4 |



---

**नजर रख रहा चैकिंग स्टाफ, की जा रही जुर्माने की कार्रवाई**

# एसी-स्लीपर डिब्बों में जनरल टिकट लेकर नहीं चढ़ पाएंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मियों के मौसम (समर सीजन) में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने खास तैयारी की है। इसके लिए रेलवे की ओर से जहां लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जा रही है। ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं तो वहीं समर सीजन में एसी व स्लीपर श्रेणी में सफर करने वाले अधिकांश यात्रियों की शिकायत रहती है कि जनरल टिकट वाले यात्री कोच में घुसकर सीट बैठ जाते हैं। इसके अलावा अन्य तरह की परेशानी होती है। इसको लेकर रेलवे की ओर से इस बार समर सीजन को लेकर विशेष तैयारी की है। इसके तहत विशेष चेकिंग स्टाफ की तैनाती की गई, जो ऐसे यात्रियों की चेकिंग कर जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है।

समर सीजन में रेलवे ने समझी यात्रियों की मुसीबत, की विशेष तैयारी

चेकिंग स्टाफ के साथ आरपीएफ जवानों की भी रहेगी नजर

### विशेष टिकट चेकिंग अमला लगातार चेकिंग कर रहा



*रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार समर सीजन में ट्रेनों में भीड़भाड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों व प्रमुख स्टेशनों पर अनाधिकृत यात्रियों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष टिकट चेकिंग अमला लगातार चेकिंग कर रहा है तो वहीं आरपीएफ स्टाफ ऐसे लोगों पर नजर रख रहा है जो बिना वैध टिकट के एसी-स्लीपर कोच में चढ़ रहे हैं। दरअसल, जनरल कोच में भीड़ से बचने के लिए कई यात्री रिजर्व कोचों में सवार हो जाते हैं। इससे कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को चढ़ने-उतरने में दिक्कत होती है। कई बार यात्रियों को सफर के दौरान बॉशरूम तक जाने में दिक्कत होती है, तो वहीं ट्रेन से उतरने व चढ़ाने को लेकर भी परेशानी होती है। हाल ही में प्रायगराज कुंभ के दौरान भी इस तरह की समस्या यात्रियों को देखने मिली थी। इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है।*

### भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता एवं एसीएम नवल अग्रवाल ने बताया कि डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी व सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के निर्देश पर समर सीजन में ट्रेनों में ज्यादा भीड़ के कारण होने वाली समस्या से बचाव के लिए विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरक्षित कोचों में अनधिकृत लोगों के सवार होने से रोका जाए सकेंगा। इसके अलावा मंडल के प्रमुख स्टेशन के एंट्री और एग्जिट द्वार पर भीड़ को नियंत्रित करने कहा। टिकट के लिए लाइन में खड़े होने से बचने के लिए यात्रियों को यूटीएस मोबाइल जैसे प्लेटफार्म का उपयोग करने के लिए सुझाव दिया जा रहा है। साथ ही, सीनियर डीसीएम ने सभी स्टाफ को यात्रियों से अच्छा व्यवहार करने के भी निर्देश दिए हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।

**तब्बू** : अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक



अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।

**रीना रॉय** : 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।

**मीना कुमारी** : हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन' के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।

**मधुबाला** : मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते।



उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।

**मान्यता दत्त** : संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

## रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...



**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
### माधवराव सप्रे मार्ग (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म. प्र.) 462003

नि.आ.सू. क्रमांक/02/एन.एच.एम/ सं.भो/ 2025-26/30 भोपाल दिनांक 04/04/2025

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना (रिस्क एण्ड कास्ट) //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) तीन लिफाफा से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.12.2020 (दिनांक 14.09.2022 तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

ई-निविदा सूचना क्रमांक-02/2024-25 दिनांक 04.04.2025

| सं. क्रं. | टेण्डर नं. 2024_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_DHS _414416 | जिला विदिशा विकासखण्ड बासौदा में 05 (भाटनी, बावली, ककरावदा, सिरनोटा, भिदवासन) उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों का मय सी.एच.ओ. आवास सहित निर्माण कार्य । (रिस्क एण्ड कास्ट) | 206.18 | 206180.00 | 15000.00 | 12 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 08.04.2025 प्रातः 10.30 से दिनांक 24.04.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

G-11607/25 " स्वच्छता ही सेवा "


# प्रियंका
## हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी। वहीं, प्रियंका के पास वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' भी है।

## जैकेट का शेष

### भारतीय मौसम विभाग...

दीर्घकालिक औसत का 105 फीसदी रहेगा। महापात्रा ने कहा कि अल नीनो की स्थिति, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसून बारिश से जुड़ी है, इस बार विकसित होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग की ओर से ये भविष्यवाणी ऐसे समय में आई है जब देश के कई हिस्से भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। भारत में मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल के दक्षिणी सिरे पर आता है। यह मध्य सितंबर में वापस चला जाता है।

### अन्नदाता मिशन...

लिए अन्नदाता मिशन शुरू किया जा रहा है। इसका लाभ युवा, महिला और गरीबों को सबसे ज्यादा मिलेगा। जीएमसी में पीडियाट्रिक, कार्डियोलॉजी समेत अन्य सुविधाएं: विजयवर्गीय ने बताया कि कि गांधी मेडिकल कॉलेज और इससे संबद्ध अस्पतालों में नया सुपर स्पेशियलिटी विभाग पीडियाट्रिक, कार्डियोलॉजी, नियोनेटोलॉजी और पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी की स्थापना की मंजूरी दी गई है। इसमें 12 पदों की स्वीकृति दी गई। इन पदों में प्राध्यापक के 3 पद, सह प्राध्यापक के 3 पद, एवं सहायक प्राध्यापक के 3 पद एवं सीनियर रेसीडेंट के 3 पद शामिल हैं।

### कमेटी में सभी विभागों...

जाएगा। इसके साथ ही गोशालाओं को बढ़ावा देने का काम किया जाएगा। इसके लिए आहार, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था भी सरकार करेगी।

### हजयात्रियों के लिए...

तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए सीएचजीओ के लिए हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है। अब 2025 में 1.75 लाख से अधिक भारतीय हज यात्रा कर सकेंगे। सरकार की 2025 की हज नीति के अनुसार, भारत को आवंटित कुल हज यात्रियों के कोटे में से 70 प्रतिशत कोटा भारतीय हज समिति द्वारा प्रबंधित किया जाएगा, जबकि शेष कोटा निजी हज समूह आयोजकों को आवंटित किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 11 जनवरी से 14 जनवरी तक सऊदी अरब का दौरा किया था जिसमे इस यात्रा में हज यात्रा की तैयारियों के बारे में महत्वपूर्ण चर्चाएँ शामिल थीं।

### वाड्रा से ईडी ने की...

वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं। 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय तक दो किलोमीटर पैदल गए। जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत वाड्रा का बयान दर्ज किया। इससे पहले संघीय जांच एजेंसी ने एक अन्य धन शोधन मामले में वाड्रा से पूछताछ की थी।

### हर मंदिर के नीचे...

बाबर की औलाद कहते हैं। जब-जब देश की इज्जत दांव पर लगी, मुसलमानों ने साबित किया है कि जितनी मोहब्बत इस मिट्टी से हिंदू को है, उतनी मोहब्बत मुसलमान भी करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान का आदर्श बाबर नहीं, बल्कि सूफी संत और मोहम्मद साहब हैं।

### न्यायपालिका इस...

व्यक्ति जो कानूनी बारीकियों से परिचित नहीं है, वह इस तरह की टिप्पणियों को कैसे देखेंगे, इसे भी देखा जाना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि जब हम इस मामले से निपटेंगे तो हम अन्य मामलों को भी देखेंगे और किसी भी मामले में एक वाक्य साफ संदेश भेज देगा।

### बोलर्स का रहा बोलबाला..

ने 4 और मार्को यानसेन ने 3 शिकार किए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे कम स्कोर है जिसका बचाव हुआ है। वहीं बंगाली न्यू ईयर पर कोलकाता जीत दर्ज नहीं कर पाई। इससे पहले आईपीएल में सबसे छोटा स्कोर डिफेंड करने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के नाम था। सीएसके ने आपीएल 2009 में 116/9 रनों का स्कोर डिफेंड किया था। अब पंजाब ने सीएसके के इस कीर्तिमान को ध्वस्त कर दिया है। आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य चेज करने का रिकॉर्ड भी पंजाब किंग्स के नाम दर्ज है। दिलचस्प बात ये है कि पंजाब ने ये बड़ा कारनामा आईपीएल 2024 में कोलकाता के खिलाफ ही किया था।

## पेज एक का शेष

### विधायक के बेटे ...

कि गलती हो गई आगे से गलती नहीं होगी। मुझसे गलती हो गई है मैं आपका सम्मान करता हूं आगे भी सम्मान करूंगा, इंदौर भी बुलवाया है शुक्ला भी आएंगे।

**एसपी ने बताया जांच के बाद केस दर्ज किया गया:** इधर, एसपी पुनीत गेहलोद ने कहा कि जांच में सामने आया कि शुक्रवार रात गाडियों का काफिला लेकर रुद्राक्ष शहर में घूमा था। इनमें से 6 गाड़ियां टेकरी पर गई थीं। इन्हें ट्रेस कर केस दर्ज किया है। एक गाड़ी नीचे थी, उस पर भी केस दर्ज किया है। पांच को जब्त कर लिया है। वीडियो में रुद्राक्ष की गाड़ी टेकरी पर जाती दिख रही है। एसपी गेहलोद ने बताया कि रुद्राक्ष शुक्ला समेत पांच लोग थाने पर पहुंचे हैं। एमपी 09 डब्ल्यूएल 0009 गाड़ी को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

**इन पर दर्ज हो चुका केस:** पुलिस द्वारा सोमवार देर रात रुद्राक्ष समेत 9 आरोपियों पर केस दर्ज किया गया था। इनमें इंदौर के अमन शुक्ला, हनी, उज्जैन के लोकेश चंदवानी, मनीष तेजवानी, अनिरुद्ध सिंह पंवार, देवास के जीतू रघुवंशी, सचिन और प्रशांत के नाम शामिल हैं। मंगलवार को विधायक गोलू शुक्ला और उनके पुत्र की आने की खबर दिन भर सोशल मीडिया पर चलती रही। मंगलवार दोपहर को टेकरी आने की खबर थी। देर शाम विधायक शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला ने अपने चार साथी अनिरुद्ध पवार, अमन शुक्ला, लोकेश चांदवानी, मनीष तेजवानी के साथ थाने पहुंचकर पेश हुए जिसके बाद उन्हें जमानत दे दी गई।

### बेटे का सपना हुआ...

से तय हुई थी। बारात सोमवार को जानी थी। हलीकॉप्टर के लिए अहमदाबाद की एसके कंपनी से संपर्क किया। लगभग 12.50 लाख रुपए की डील फाइनल होने के बाद पुलिस, जिला प्रशासन, फायर डिपार्टमेंट से एनओसी सहित सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कर लिए गए। गांव चौंसला और इंगोरिया में हेलीकॉप्टर लैंडिंग के लिए हेलीपेड बनाए गए और विधिवत अनुमति ली गई। मौके पर घट्टिया थाने का पुलिस बल भी तैनात रहा। 14 अप्रैल को दोपहर 2:15 बजे हेलीकॉप्टर चौंसला में उतरा। शाम 5:20 बजे दूल्हा हेलीकॉप्टर से इंगोरिया रवाना हुआ। रात्रि विश्राम के बाद 15 अप्रैल को दुल्हन को लेकर हेलीकॉप्टर से ग्राम चौंसला लौट आया। दूल्हे कप्तान सिंह ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने जाना मेरा सपना था, जिसे मेरे पापा ने पूरा किया। मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

### मुंबई-गोवा के...

गडकरी ने देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर भरोसा जताते हुए कहा कि अगले दो वर्षों में भारत की सड़कें अमेरिका से भी बेहतर हो जाएंगी। गडकरी ने कहा कि मुंबई-गोवा हाईवे में काफी दिक्कतें आईं। हम इस सड़क को जून तक 100 फीसदी पूरा कर देंगे। केंद्र सरकार जो नई टोल नीति लाने जा रही है, उसमें सैटेलाइट ट्रैकिंग और गाड़ी के नंबर प्लेट की पहचान जैसी तकनीक का इस्तेमाल होगा। इससे टोल की रकम सीधे बैंक खाते से कट जाएगी और मैनुअल टोल कलेक्शन की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### ज्वेलरी कंपनी के...

लिमिटेड कंपनी का संचालन करते हैं। शिवराज शर्मा व हरीश शर्मा ने मुझे ऊंचे सब्जबाग दिखा कर सोना खरीदने के लिए बुकिंग पूंजी पर 10 प्रतिशत सुनिश्चित ग्रोथ के रूप में लाभ देने का वादा 24 सितंबर 2009 में शगुन मेरिज गार्डन में किया था। इस तरह की योजना भी लांच की थी। शर्मा ने निश्चित 10 प्रतिशत ग्रोथ एवं कमीशन का आश्वासन एवं लालच देकर 675 निवेशकों से सोना बुकिंग के नाम पर राशि जमा कराई गई एवं स्कीम में बताए अनुसार निवेशकों की राशि न लौटाकर उनके साथ राशि 1 करोड़ 13 लाख 63 हजार 961 रुपए की धोखाधड़ी एवं निवेशकों की राशि का गबन किया गया।


# हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन



संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

आवश्यकता । Forest Department को जिलानुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या-875 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (32500+62500 )रहना +खाना सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (आशीष साहू )-7460994309

R- 16-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**नाम परिवर्तन**

मैं संतोष दोहारे पुत्र श्री अमर सिंह दोहारे आयु व्यस्क व्यवसाय शासकीय सेवारत निवासी- म.न.25, वार्ड न.02, ग्राम बगबाडा, पोस्ट-इटारसी जिला सीहोर, मध्यप्रदेश का निवासी होकर शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ। 1. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में घर का बोलता हुआ नाम कृतिका (KRATIKA) पुत्री श्री संतोष दोहारे (SANTOSH DOHARE) है। दर्ज हो गया है। 2. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम नियति दोहारे (NIYATI DOHARE) पुत्री श्री संतोष दोहारे (SANTOSH DOHARE) है। एवं भविष्य में वह इसी नाम व सरनेम से जाना पहचानी जावेगी

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Iqbal Hussain था। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Syed Iqbal Hussain हो गया है। मुझे Syed Iqbal Hussain S/O Syed Ashraf Hussain के नाम से जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : C-104, BDA Colony, Koh-e-fiza, old Sectt. Bhopal (M.P.) - 462001

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Rahat Mansoori था। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Rahat Khan Mansoori हो गया है। मैं अब Rahat Khan Mansoori के नाम से जाना/ पहचाना जाता हूं। ADDRESS : B-40, Bag Farhat Afaza, V Shed, Bhopal (M.P.) - 462010

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Bharti Devi Sharma था। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Bharti Devi हो गया है। मैं अब Bharti Devi W/O Purushottam Sharma के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। ADDRESS : 3602, Nakshatra enclave, BDA road, Awadhpuri, Bhopal (M.P.) - 462022

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
**भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** : रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** : नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** : कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** : लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** : मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** : पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** : किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** : नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** : स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** : कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5838



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5837 का हल



## सूडोकु नवताल - 5848

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5847 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

देश में पैदा हो सकती हैं 20 से 25 लाख तक नई प्रत्यक्ष नौकरियां

# ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारत 2030 तक 60 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है निर्यात : आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने एक रिपोर्ट में कहा है कि उचित नीतिगत समर्थन से 2030 तक भारत अपने ऑटोमोबाइल निर्यात को तीन गुना बढ़ाकर 60 अरब डॉलर तक पहुंचा सकता है। इसके साथ ही देश में 20 से 25 लाख तक नए प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की जा सकती हैं और 25 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) भी हासिल किया जा सकता है। यह भारत को एक इनोवेशन-आधारित वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब की दिशा में आगे ले जाएगा। गौरतलब है कि ऑटोमोबाइल उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह देश की जीडीपी में 7.1 प्रतिशत और मैन्युफैक्चरिंग जीडीपी में 49 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत वर्तमान में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा वाहन निर्माता देश है। 2023-24 में भारत में 2.8 करोड़ से अधिक वाहन बनाए गए। हालांकि भारत का वैश्विक



ऑटो पार्ट्स व्यापार में हिस्सा अभी सिर्फ 3 फीसदी (लगभग 20 अरब डॉलर) है, जिससे साफ है कि इसमें बढ़ोतरी की काफी गुंजाइश है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक उत्पादन को 145 अरब डॉलर, निर्यात को 60 अरब डॉलर और ऑटो पार्ट्स व्यापार में हिस्सेदारी को 8 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बैटरियों, सेमीकंडक्टरों और एडवांस मैटेरियल्स की मांग

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से बैटरियों, सेमीकंडक्टरों और एडवांस मैटेरियल्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। चीन ने अकेले 2023 में 80 लाख से अधिक ईवी बनाए, जबकि यूरोपीय संघ और अमेरिका में भी ईवी अपनाने के लिए नियम और सब्सिडी लागू कर रहे हैं। नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल ट्विन्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और 3डी प्रिंटिंग के इस्तेमाल से वाहन निर्माण प्रक्रिया और अधिक स्मार्ट और कुशल बन रही है। जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देश पहले से ही स्मार्ट फैक्ट्री के क्षेत्र में अग्रणी हैं। भारत में भी कई वैश्विक वाहन कंपनियां स्मार्ट फैक्ट्री में भारी निवेश कर रही हैं।

### अब तक 66,000 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी गई

वहीं केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे फेम, पीएम ई-ड्राइव और पीएलआई स्कीम के तहत अब तक 66,000 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी गई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत ने सही रणनीति अपनाई, तो वह दुनिया के लिए अगली पीढ़ी के मोबिलिटी सॉल्यूशंस का प्रमुख सप्लायर बन सकता है।

थोक के बाद खुदरा महंगाई दर में भी नरमी

# छह साल के निचले स्तर 3.34 फीसदी पर पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी के 3.61 प्रतिशत की तुलना में मार्च में मामूली रूप से घटकर 3.34 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 3.61 प्रतिशत और पिछले वर्ष मार्च में 4.85 प्रतिशत थी। मार्च 2025 में खुदरा महंगाई की दर अगस्त 2019 के बाद सबसे कम रही। उस समय यह 3.28 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत थी, जबकि फरवरी में यह 3.75 प्रतिशत और मार्च 2024 में 8.52 प्रतिशत थी। पिछले हफ्ते, रिजर्व बैंक ने महंगाई में आ रही कमी को देखते हुए प्रमुख अल्पकालिक उधार दर यानी रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का एलान किया था। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।


नियम 92 (1) (क) (ii)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**

क्रमांक 169/ एस.डब्लू.एम/न.नि/ग्वा. — मध्यप्रदेश शासन, — ग्वा. दिनांक: 11/04/2025

जनसंपर्क RO क्रमांक 270 — नगर पालिक निगम ग्वालियर — दिनांक : 15-04-2025

| एन.आई.टी. क्र. | कार्य | समय व दिनांक | संभावित राशि | पूर्णता अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_388782_2 | Selection of Agency for The work of Design, Build, Supply, Erection and Commissiong of Construction and Demolition (C&D) waste processing facility of capacity 100 TPD in Gwalior Municipal Corporation. file No. 134/2024x2/10 | प्रातः 10:30 बजे दिनांक 09.04.2025 से सायं 5:30 बजे दिनांक 23.04.2025 तक | 6,59,63,760/- | 9 माह |

1. इच्छुक बोली दाता वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते हैं।
2. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा और समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा।
3. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर पालिक निगम, ग्वालियर में सम्पर्क करें।

नोडल अधिकारी, SBM/SWM, नगर निगम ग्वालियर


# स्टॉकिस्ट हुए चने में हावी, कृषि उपज मंडी में भाव 500 रु. क्विंटल तक उछले

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों में चने की आवक कमजोर पड़ने और स्टॉकिस्टों के हावी होने से चने के भाव 500 रुपए क्विंटल तक उछल गए है। जो कि 15 दिन पहले 5200 से 5300 रुपए क्विंटल के भाव बिका था।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार भोपाल मंडी में चने की आवक सुस्त है। इसकी रोजाना आवक 500 से 700 बोरे की हो रही है जो कि 5700 से 5800 रुपए क्विंटल के भाव बिक रहा है।



जैन के अनुसार पन्द्रह दिन पहले मंडी में चना समर्थन मूल्य 5,650 रुपए से 300 से 400 रुपए नीचे 5200 से 5300 रुपए क्विंटल के भाव बिक था। अतः अब चने के भाव में 500 रुपए क्विंटल तक की तेजी आ गई है। इसके भाव में तेजी आने का मुख्य वजह स्टॉकिस्टों का हावी होना है।

### गोदाम में स्टॉक

*वे चने की खरीदी कर गोदाम में स्टॉक कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टॉकिस्टों के हावी होने के चलते गोदाम और कोल्ड स्टोरेज भरे हुए हैं। वैवाहिकी सीजन में चना दाल की मांग अभी भी बनी हुई है, जो बाजार को स्थिरता प्रदान कर रही है। वर्तमान में चना दाल के भाव में मामूली 25 से 50 रुपए की घटबढ़ के साथ क्वालिटीनुसार 7200 से 7800 रुपए प्रति क्विंटल है। वहीं बेसन 7400 से 7500 रुपए क्विंटल के भाव बोला जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार पिछले दिनों चना में बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों की अच्छी खरीदी हुई थी, लेकिन अब कुछ कंपनियां खरीदी से पीछे हट गई हैं।*

## मित्सु केम प्लास्ट का 2028 तक 1,000 करोड़ की कमाई का लक्ष्य

**मुंबई।** मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड ने अपने 35 वर्षों की उत्कृष्टता, विश्वास और नवाचार का जश्न मनाया। इस मौके पर कंपनी ने एक रणनीतिक योजना की घोषणा की है, जिसके तहत वह वित्त वर्ष 2028 तक 1,000 करोड़ की वार्षिक आय का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य कंपनी की वित्तवर्ष 24 की टॉपलाइन से तीन गुना वृद्धि को दर्शाता है, जिसे अगले चार वर्षों में हासिल करने की योजना है। कंपनी के अनुसार 1,000 करोड़ राजस्व तक पहुंचना है। वित्त वर्ष 2024 के आंकड़ों को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखते हुए मित्सु 1,000 करोड़ के राजस्व की ओर तेज़ी से बढ़ेगा जो एक नए युग की शुरुआत करेगा।

## 10 मिनट में सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए एयरटेल और क्विक कॉमर्स में साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों को दस मिनट के भीतर सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की है।

एयरटेल ने मंगलवार को यहां यह घोषणा करते हुए कहा कि किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अपनी तरह की यह पहली सेवा अब तक देश के 16 शहरों में शुरू हो चुकी हैं। आने वाले समय में इस सेवा के तहत अन्य शहरों तथा कस्बों को जोड़ने की योजना है। प्रारंभिक चरण में, सिम डिलीवरी सेवा 16 प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी, जिनमें दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, अहमदाबाद, सूरत, चेन्नई, भोपाल, इंदौर, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता और हैदराबाद जैसे महानगर शामिल हैं।


**कार्यालय अधीक्षक, सब जेल लटेरी जिला-विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक 29 / निर्वाह/2025 — लटेरी दिनांक 07/04/25

:: ई - टेण्डर ::

**निविदा ठेका वर्ष 2025-26 हेतु (द्वितीय वार्षिक निविदा)**

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सब जेल लटेरी में परिरूद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न सामग्री, स्वच्छता सामग्री एवं दूध, दही, दवाईयाँ, भवन निर्माण सामग्री, अन्य सामग्री क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं।
विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बीड मीटिंग की तिथि | दिनांक 22.04.2025 को प्रातः 12:00 बजे | जेल अधीक्षक लटेरी कार्यालय में |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रुपएं प्रतिफार्म राशि लेखा शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेगीं) | दिनाँक 24.04.2025 समय शाम 06.00 बजे तक | वेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें । |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनाँक 24.04.2025 शाम 06:00 बजे तक | वेवसाईट https://www.mptender.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जाएगी। |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि ( उक्त दिनांक को नमूनों का गुणवत्ता परीक्षण भी किया जावेगा) | दिनाँक 26.04.2025 दोपहर 12.00 बजे | जेल अधीक्षक लटेरी कार्यालय में |
| 5. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक 28.04.2025 दोपहर 12.00 बजे | जेल अधीक्षक लटेरी कार्यालय में |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक 01.05.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | जेल अधीक्षक लटेरी कार्यालय में |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या आनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेवसाईट पर देखें। निविदा के संबंध में किये जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।

जी- 11601/25 — स्वच्छता ही सेवा — जेल अधीक्षक, सब जेल लटेरी जिला-विदिशा (म.प्र.)


## बिजनेस न्यूज

### एनएचडीसी ने सतर्कता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



**भोपाल।** एनएचडीसी लिमिटेड द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वी जयंती के उपल्यक्ष में जनमानस को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई एवं सतर्कता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बोट क्लब, श्यामला हिल्स मे एक नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को संविधान मे निहित मूल अधिकारों के साथ-साथ, मूल कर्तव्यों को समझने, उनका पालन करने एवं सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित किए जाने संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनता के बीच एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल के प्रबंधक निदेशक राजीव जैन, महाप्रबंधक (सतर्कता) विक्रम रावूरू, एवं एनएचडीसी के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। बोट क्लब पर उपस्थित सभी लोगो ने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी सत्यनिष्ठा की शपथ ली। इस मौके पर कुछ छात्रो ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण मे उनके योगदान पर अपने विचार रखे। प्रबंधक निदेशक राजीव जैन द्वारा छात्रों को चाकलेट देकर उनका प्रोत्साहन किया गया।

### एनएसडीसी ने जर्मनी के साथ अपनी कौशल विकास साझेदारी को बनाया मजबूत



**नई दिल्ली।** एनएसडीसी इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों ने जर्मनी का दौरा किया और विभिन्न हितधारकों के साथ सामरिक एवं सीमापार कौशल साझेदारियों पर विचार-विमर्श किया, ताकि विश्वस्तरीय कार्यबल को उद्योग जगत की बदलती ज़रूरतों के अनुसार प्रासंगिक एवं भविष्य के अनुकूल क्षमताओं के साथ सशक्त बनाया जा सके। प्रतिनिधियों ने हैम्बर्ग, जर्मनी में आयोजित प्रतिष्ठित ओएवी सम्मेलन में भी हिस्सा लिया, जहां भारत, श्रीलंका, भूटान, मलेशिया, इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों से 100 प्रतिनिधि एक मंच पर इकट्ठा हुए। इन प्रतिनिधियों ने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार एवं विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए। एनएसडीसी इंटरनेशनल के सीईओ आलोक कुमार ने कहा कि हम विश्वस्तरीय कार्यबल की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में कार्यरत हैं, इसी के मद्देनजर एनएसडीसी इंटरनेशनल कौशल की खामियों को दूर करने और युवाओं को रोज़गार में सक्षम बनाने के लिए साझेदारियों को बढ़ावा दे रहा है। जर्मन उद्योगों के साथ साझेदारियां हमारी इसी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं, जिसके द्वारा हम कार्यबल की कमी को दूर कर भारतीय युवाओं को विश्वस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाना चाहते हैं।

### मेघालय सरकार को यूआईडीएआई से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त



**नई दिल्ली।** मेघालय सरकार को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा 8 अप्रैल 2025 को भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम के दौरान दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार राज्य द्वारा आधार सेवाओं को मजबूत करने और पूरे मेघालय में बच्चों और वयस्कों के लिए समग्र और सटीक नामांकन सुनिश्चित करने में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण हैं। राज्य की ओर से ये पुरस्कार शाई कुपार वार, नोडल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, मेघालय सरकार द्वारा प्राप्त किए गए। डॉ. जोराम बेदा, आईएएस, आयुक्त और सचिव, मेघालय सरकार एवं राज्य नोडल अधिकारी (आधार), ने इस उपलब्धि पर संतोष और सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारे आधार दल की फील्ड स्टाफ से लेकर जिला अधिकारियों और तकनीकी टीम तक की अटूट प्रतिबद्धता और मेहनत को दर्शाता है। मैं इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में योगदान देने वाले सभी को बधाई देता हूं।

### सैनी ने पहला स्वदेशी हाइब्रिड पावर 100टी माइनिंग डंप ट्रक एसकेटी 130एस पेश किया



**पुणे।** ऊर्जा उपकरणों की अग्रणी निर्माता सैनी ने पुणे स्थित अपने संयंत्र में भारत का पहला हाइब्रिड ऑफ-हाइवे 100 टन माइनिंग डम्प ट्रक एसकेटी 130एस लांच किया। यह दमदार मशीन देश में खनन क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता को नया आयाम देती है और अगली पीढ़ी की माइनिंग मशीनरी के निर्माण में भारत की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। एसकेटी 130एस का बेजोड़ पावर, कार्यक्षमता और चालक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। सैनी इंडिया और साउथ एशिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दीपक गर्ग ने कहा कि एसकेटी 130एस की पेशकश भारत के माइनिंग सेक्टर में नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी एक बड़ी उपलब्धि है।

# एमएसएमई सेक्टर की रीढ़ बनी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, भारत को बना रही आत्मनिर्भर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम ( एमएसएमई ) सेक्टर का योगदान लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2022-23 में एमएसएमई क्षेत्र ने देश की कुल ग्रॉस वैल्यू एडेड में लगभग 30.1 फीसदी का योगदान दिया, जबकि 2024-25 में भारत के कुल



निर्यात में 45.79 फीसदी हिस्सेदारी भी इसी क्षेत्र से रही। हालांकि आज़ादी के बाद से एमएसएमई को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से ऋण प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती रहा है लेकिन हाल के वर्षों में इंडिया स्टैक जैसी डिजिटल तकनीक, बैंकों द्वारा अपनाई गई नई प्रक्रियाएं और सरकारी योजनाओं के चलते इस स्थिति में बड़ा बदलाव आया है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बदली तस्वीर

*प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जो 8 अप्रैल 2015 को शुरू की गई थी, ने इस बदलाव में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना का उद्देश्य गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि आधारित छोटे उद्यमों को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने न केवल छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता दी।*


**ई-नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 247/2020 / ओ.ए. नं. 1557/2018**

**ई-नीलामी क्रमांक 84/2025**

**CANARA BANK वि. AKHTAR ALI एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 247/2020 / O.A. No. 1557/2018** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 19,28,721.00 (Rupees Nineteen Lakh Twenty Eight Thousand Seven Hundred Twenty One Only)** तथा उस पर 11.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **10-12-2018** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https:// www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 15-05-2025 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**House on Residential Plot No. 35, "ROYAL PARK" situated at Village-Neelbad, Patwari Halka No. 35, R.N. Mandal-04, Vikas Khanda Funda, Tehsil- Huzur, District- Bhopal (M.P.) area admeasuring 984s sq.ft., property in the name of Shri Akhtar Ali s/o Shri Sher Ali.**

**प्रारक्षित मूल्य : रुपए 9,60,000.00 (Rupees Nine Lakh Sixty Thousand Thousand only);**

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए 96,000.00 (Rupees Ninety Six Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461** in the name of **"Recovery Officer, E-Auction Account, DRT Jabalpur with Central Bank of India, Dhobighat Branch, Jabalpur (IFSC Code CBIN0281618)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **13-05-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए 10,000.00** (Rs. Ten Thousand only) रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति "जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **01-05-2025** को **प्रातः 12 बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Anita Vishwakarma, Chief Manager, Mob. No. 8989989122** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Anita Vishwakarma, Chief Manager, Mob. No. 8989989122** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक 24.03.2025**

**(सुश्री प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी-II**



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**आधिपत्य सूचना नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने दिनांक **21.10.2023** को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्ति का **कब्जा (भौतिक)** दिनांक **11.04.2025** को ले लिया गया है । ऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

बकाया राशि : **20,10,179.15** + दिनांक 21/10/2023 से लागू अप्रभारित ब्याज @ 9.30% एवं पेनल ब्याज @ 2% एवं अन्य खर्च

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण |
|---|---|
| 1. **श्री शेख अजाज कुरेशी** (ऋणी) 2. **श्रीमती रुबीना बी** (सहऋणी) दोनों का पता:-वार्ड नंबर 23 राधे हाइट्स, एसपीएम गेट नंबर 01, हरदा रोड, होशंगाबाद, म.प्र. -461001 | **बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट ए 413, श्री प्लैनेट, खसरा नं. 112/4, 112/7,112/8, 112/9 क्र. सं. 17, प्रवेश क्षेत्र 65.50 वर्गमीटर सीटीएस 112/4, 112/7, 112/8, 112/9 सर्वे नं. 17, होशंगाबाद (म.प्र.) चर्तुसीमाएं:-** उत्तरः फ्लैट नं. ए 412, पूर्वः गलियारा पश्चात नीचे खुला, पश्चिमः नीचे खुला, दक्षिणः लिफ्ट और सीढ़ियां |

दिनांक : 16/04/2025
स्थानः नर्मदापुरम

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकवरी सेल



**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**

फोन/ फैक्स नम्बर 07578-252074 Email id:-adh.pem2015@gmail.com

क्रमांक / उद्यान / तक. / नीलामी / 2025-26/08 — पचमढ़ी, दिनाँक 04/04/2025

**निविदा सूचना**

समस्त फल व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि शासकीय उद्यान मटकुली, पचमढी एवं पगारा उद्यानों के कलमी आम, नासपाति, लीची, चीकू, एवं कटहल फलवहार वर्ष 2025-26 हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 28/04/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढी में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं निविदा की शर्ते दिनाँक 21/04/2025 से 28/04/2025 को दोपहर 1:00 तक कार्यालयीन समय में अवकाश को छोडकर राशि रुपए 50/- (शब्दों में राशि रुपए पचास मात्र) नगद जमा कर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढी से क्रय कर सकते है। निविदा सूचना एवं शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mphorticulture.gov.in पर देखी जा सकती है। सीलबन्द निविदाये दिनॉक 28/04/2025 को ही दोपहर 1:30 बजे से कार्यालयीन नीलामी समिति द्वारा उपस्थित व्यापारियों / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेंगी। इच्छुक व्यापारी निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वंय अथवा प्रतिनिधि को भेजकर निविदा प्रेषित कर सकते है। फलबहार निविदा की धरोहर राशि उद्यानबार, फलबहार बार बैंक ड्राफ्ट/नगद के रूप में निविदा फार्म के साथ अलग-अलग जमा करने के बाद ही निविदा फार्म का बन्द लिफाफा प्राप्त किया जावेगा। फलित पौधों की संख्या एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | उद्यान का नाम | फलबहार | कुल फलित पेड़ों की संख्या | धरोहर राशि | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. A | पचमढ़ी उद्यान | आम कलमी | 613 | 50000/- | आम्रपाली, मल्लिका, बाम्बेग्रीन, चौसा दशहरी, लंगड़ा, पायरी एवं अन्य किस्में। |
| | | नासपाति | 828 | 50000/- | बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। |
| | पोलो उद्यान | लीची | 14 | 10000/- | रोजसेंटेड। |
| | | चीकू | 50 | 10000/- | क्रिकेट बॉल, कालीपत्ती |
| | | कटहल | 03 | 1000/- | रुद्राक्ष। |
| B | पगारा उद्यान | कलमी आम | 95 | 20000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, लंगड़ा, चौसा, पायरी एवं अन्य किस्में। |
| C | सतपुड़ा उद्यान | नाशपाती | 175 | 20000/- | बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। |
| D | कर्बला उद्यान | आम, नासपाति, लीची | 22, 54, 03 | 20000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, लंगड़ा, चौसा, पायरी एवं अन्य किस्में। बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। रोजसेंटेड । |
| E | मुख्य उद्यान | आम कलमी, लीची | 14, 03 | 5000/- | बाम्बेग्रीन, लंगड़ा, पायरी एवं अन्य किस्में। |
| 2. A | मटकुली उद्यान (खण्ड अ+ब+स+द) | आम कलमी | 402 | 50000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, पायरी, जरदालू, लंगड़ा, मल्लिका, फजली एवं अन्य किस्में। |

नीलामी की शर्ते एवं नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न स्थानों पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है। अथवा उद्यान विभाग की बेबसाइट www.mphorticulture.gov.in देखें। संपर्क सूत्र :-

1. कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान प्रशिक्षण पचमढ़ी :-07578-252643
2. कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्र.उ.) पचमढ़ी :-9755433021
3. उद्यान अधीक्षक मटकुली :-9425686921, 9406813144
4. उद्यान अधीक्षक पचमढी :- 8827937059

जी - 11558/25 — स्वच्छता ही सेवा

नीलम पाटिल
सहायक संचालक उद्यान,
(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी।
जिला नर्मदापुरम्

## चिंतन

# न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की तत्काल जरूरत

भारतीय न्यायपालिका कई तरह की ढांचागत समस्याओं से भी जूझ रही है। पिछले दिनों न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता प्रकट की थी। दिल्ली हाईकोर्ट के जज के आवास परिसर से मिले अधजले नोटों ने न्यायाधीश स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकृष्ट किया। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नई बात नहीं है, आजादी के वक्त से है और कई रसूखदार लोगों के लिए इंसाफ बस सौदा रहा है। देश की न्यायपालिका इंसाफ सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत भी रहती है, ताकि आमजन का भरोसा अदालतों के प्रति कायम रहे, लेकिन इसमें न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी आड़े आ रही है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो वर्ष 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। इस लिहाज से अगर देखें तो प्रति दस लाख लोगों पर देश में 35 जज कम हैं, जो काफी चिंताजनक है। भारतीय अदालतों में जजों की कमी, भवनों व चैंबरों की कमी, प्रशिक्षित कर्मियों की कमी और टेक्नोलॉजी अपनाने में देरी जैसी अनेक समस्याएं हैं, जिसके चलते विभिन्न अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या साढ़े चार करोड़ के पार हैं। इनमें 87.6 प्रतिशत मामले अधीनस्थ न्यायालयों और 12.3 प्रतिशत उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। न्याय पाने की समय सीमा इतनी लंबी हो जाती है कि लोगों की उम्मीद ही मर जाती है। अदालतों में भ्रष्टाचार इस स्थिति के चलते भी है। उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं। रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले हैं। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की रिपोर्ट हमारी न्याय व्यवस्था की गंभीर तस्वीर उजागर करती है। कानूनी सहायता पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 6.46 रुपये प्रति वर्ष है, जबकि न्यायपालिका पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 182 रुपये है। कोई भी राज्य न्यायपालिका पर अपने कुल वार्षिक व्यय का एक प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं करता है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट सेंटर फॉर सोशल जस्टिस, कॉमन कॉज, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव और विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी जैसे कई संस्थानों के साथ मिलकर तैयार की गई है। पहल 2019 में टाटा संस ने की थी, तब से यह चौथी रिपोर्ट है। इसके पीछे मकसद भारत में न्याय की स्थिति का आंकलन है। अदालतों में महिलाओं की संख्या जरूर बढ़ी हैं, लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय से जजों का प्रतिनिधित्व अपेक्षा से कम है। अभी विभिन्न अदालतों में स्वीकृत पदों में से छह हजार से अधिक न्यायाधीशों के पद खाली हैं। निचली अदालतों में 5748 जजों के पद खाली हैं, जो कुल स्वीकृत पदों का लगभग 21 प्रतिशत हैं। वर्ष 2010 और वर्ष 2020 के बीच सभी न्यायालयों में लंबित मामलों में 2.8 फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोतरी हुई। उच्च न्यायालयों में 21 फीसदी मामले 10 वर्षों से, और अधीनस्थ न्यायालयों में 23 प्रतिशत मामले पांच वर्षों से लंबित हैं। ट्रिब्यूनल्स और विशेष अदालतों में भी लंबित मामले और रिक्तियां बहुत अधिक हैं। आज जरूरत न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की है, रिक्तियों को भरने की है, जनसंख्या व जजों के अनुपात को आदर्श बनाने की है।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# कांग्रेस में प्रतिबद्धता भी आवश्यक

राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013-2014 में भाजपा जगाने में सफल रही?

नरेंद्र मोदी की भाजपा को उनके गृह राज्य गुजरात में ही हराकर अपने पुनरुत्थान के साहसिक सपने के साथ अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेशन तो हो गया, पर असली चुनौतियां आंतरिक हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ही मोदी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी। विकास के गुजरात मॉडल के सहारे ही, दस साल बाद, 2014 में भाजपा ने केंद्रीय सत्ता में जोरदार वापसी की। गुजरात को भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति की प्रयोगशाला भी माना जाता है, जहां उसे तीन दशक से कांग्रेस सत्ता से हिला तक नहीं पायी है। सच यह भी है कि दशकों तक गुजरात पर शासन करने वाली कांग्रेस का ग्राफ वहां लगातार गिरता गया है। पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिर्फ 2017 में ही भाजपा को चुनौती देती दिखी, जब उसने 182 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटें जीत लीं, पर 2022 के चुनाव में वह 17 सीटों पर लुढ़क गयी।

बेशक उस शर्मनाक प्रदर्शन में निर्णायक भूमिका आम आदमी पार्टी की रही, जिसने सीटें तो पांच ही जीतीं, पर 14 प्रतिशत वोट लेकर कांग्रेस को पस्त कर दिया। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बैनर तले डेढ़ साल की दोस्ती के बाद कांग्रेस-आप फिर आमने-सामने हैं। ऐसे में नरेंद्र मोदी-अमित शाह की भाजपा से 2027 के चुनाव में कांग्रेस गुजरात की सत्ता कैसे छीन पायेगी? गुजरात में कांग्रेस की कमान राहुल गांधी के विश्वस्त शक्ति सिंह गोहिल के हाथों में है, लेकिन हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर जैसे युवा नेता भी भाजपाई बन गये, जिनके सहारे कांग्रेस अपने पुनरुत्थान की आस लगा रही थी।

बेशक दिल्ली में आप की हार और भाजपा की जीत बताती है कि चुनाव में कुछ भी हो सकता है, लेकिन उसके लिए जरूरी तैयारी और ताकत तो चाहिए। कह सकते हैं कि चुनावी तैयारियों के लिए ढाई साल का समय कम नहीं होता, लेकिन जमीन पर तैयारियों के लिए सशक्त और सक्रिय संगठन भी चाहिए। राहुल गांधी खुद कह चुके हैं कि कुछ कांग्रेसी, भाजपा से मिले हुए हैं। ऐसे कांग्रेसियों के सहारे तो चुनावी समर नहीं जीता जा सकता। संभव है, भाजपा से मिले हुए कांग्रेसियों की राहुल ने पहचान भी कर ली हो, पर जानकारों के मुताबिक वे हर स्तर पर हैं और उनकी संख्या इतनी ज्यादा है कि बाहर निकाल दिये जाने पर पार्टी ही सिकुड़ सकती है। बेशक ऐसे आंतरिक दुश्मनों से निजात जरूरी है, पर 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार पराभव झेल रही कांग्रेस उन्हें अभी तक बर्दाश्त क्यों कर रही है? इस बुरे वक्त में न सिर्फ आलाकमान के करीबी रहे बड़े-बड़े नेता कांग्रेस से किनारा कर गये, बल्कि खुद राहुल गांधी की टीम के तमाम सदस्यों ने भी 'हाथ' झटक कर 'कमल' थाम लिया। सत्ता का साथ उनकी फितरत भी रही होगी, पर क्या सही और गलत नेताओं में फर्क न कर पाने के लिए खुद कांग्रेस आलाकमान भी जिम्मेदार नहीं? 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने इतिहास का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस के पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं बचा था। तभी राहुल गांधी ने कांग्रेस के शुद्धिकरण का साहस क्यों नहीं दिखाया? चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस हारती रही।

नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रीय



अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर गांधी परिवार के बाहर से नया अध्यक्ष बनाने की जिद भी पूरी कर ली, लेकिन क्या पूरे देश में किसी और कांग्रेसी नेता ने चुनावी हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया?

जीत की गारंटी लेते हुए संगठन और टिकट वितरण में क्षत्रप मनमानी तो करते हैं, लेकिन हार जाने पर तमाम कारण गिनाने लगते हैं। बेशक जीत का सेहरा राष्ट्रीय नेतृत्व को पहनाने और हार का ठीकरा प्रदेश नेतृत्व के सिर फोड़ने की चाटुकार-संस्कृति सभी दलों में है, लेकिन इससे संगठनात्मक विकृतियां लंबे समय में नासूर बन जाती हैं। कांग्रेस के साथ वैसा ही हुआ है। साफ कहें तो गुजरात समेत पूरे देश में ही कांग्रेस में व्याप्त बीमारियों का वास्तविक उपचार दवाइयों के बजाय बड़े ऑपरेशन से ही संभव है, पर राहुल गांधी उसका साहस जुटाते फिलहाल नजर नहीं आते। शायद राहुल ने कांग्रेस के इतिहास से भी सही सबक नहीं सीखा। सत्ता और संगठन पर काबिज पुराने नेता नयी पीढ़ी को आगे नहीं आने देते। जब स्वाभाविक रूप से पीढ़ीगत परिवर्तन होता है, तब भी वे अपने परिजनों को ही बढ़ाते हैं, जो संगठन से सत्ता तक पर अपना उत्तराधिकार मानते हैं। इसीलिए कमान संभालने के बाद सफलता के लिए इंदिरा गांधी को भी पुराने मठाधीशों की सिंडीकेट से मुक्ति पा कर नयी कांग्रेस बनानी पड़ी थी। राजीव गांधी को देश और कांग्रेस की कमान अप्रत्याशित परिस्थितियों में संभालनी पड़ी थी, लेकिन 'सत्ता के दलालों' का जिक्र करते हुए उन्हें भी राज्यों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कांग्रेस में नया नेतृत्व उभारने का साहस दिखाना पड़ा। सोनिया गांधी ने अपना अध्यक्ष काल कई कारणों से कमोबेश राजीव के समकालीनों के सहारे ही चलाया।

राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013- 2014 में भाजपा जगाने में सफल रही? कांग्रेस की गलतियों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए पार्टी को सामाजिक न्याय के धर्मनिरपेक्ष एजेंडा पर लौटाने की कोशिश निश्चय ही राहुल गांधी के साहस की परिचायक है, लेकिन कांग्रेसी ही बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों पर उनके साथ खड़े नजर नहीं आते।

क्या वे राहुल के एजेंडा से सहमत नहीं हैं या फिर उनके निहित स्वार्थ आड़े आ रहे हैं? कारण जो भी हो, निराकरण पार्टी पर दशकों से काबिज नाकाम मठाधीशों से मुक्ति में ही निहित है। नेतृत्व राजनीतिक और चुनावी एजेंडा तय कर सकता है, लेकिन उसे जनता के बीच ले जाकर चुनाव जीतने का काम सशक्त और सक्रिय संगठन के बिना संभव नहीं। इसलिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध अपने बहु प्रचारित वैचारिक संघर्ष में राहुल गांधी तब तक नहीं जीत पायेंगे, जब तक कि वह उस विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कांग्रेस नहीं बना लेते। राहुल गांधी को क्षेत्रीय दलों से रिश्तों की बाबत भी स्पष्ट रणनीति बनानी होगी, जिनका राज्य की राजनीति में तो कांग्रेस से टकराव है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से जिनका विरोध असंदिग्ध है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दक्षिण
विवेक शुक्ला



# अब तमिलनाडु में किला फतह चाहती है भाजपा

दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में अपनी ठोस उपस्थिति दर्ज करना चुकी भारतीय जनता पार्टी अब तमिलनाडु में भगवा झंडा फहराने का निश्चय कर चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता का स्वाद चख चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है, जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद हुंकार नहीं भर पा रही है। भाजपा के लिए यह चिंता के साथ चिंतन का भी विषय रहा है और इसी प्रक्रिया का एक हिस्सा एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा भी है। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन नया नहीं है। 1998 में ही भाजपा ने इस पार्टी के साथ गठबंधन की नींव डाल दी थी। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने का श्रेय एआईडीएमके को जाता है। जे जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा,तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके का नजदीकी संबंध बना रहा। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। भाजपा ने राज्य में अपना आधार बढ़ाने के लिए एकला चलो रे की नीति अपनाई और तेज तर्रार पूर्व आईपीएस अन्नामलाई को नेतृत्व सौंप दिया। अन्नामलाई ने डीएमके के साथ-साथ एआईडीएमके को भी निशाने पर लिया और राज्य भर में दौरा किया। नतीजा यह हुआ कि 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एआईडीएमके ने एनडीए को बाय-बाय कह दिया और कुछ साथियों को लेकर चुनाव में उतर आए। नतीजा न भाजपा के पक्ष में आया और न ही एआईडीएमके के पक्ष में। डीएमके ने पूरी मलाई खा ली। भाजपा के साथ-साथ एआईडीएमके को भी यह आभास हो गया कि 46 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सत्ता में आई डीएमके को अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव में हराने के लिए 11 प्रतिशत वोट शेयर रखने वाली बीजेपी को साथ लेना आवश्यक है। यहां भूमिका अमित शाह की आनी ही थी, वह दो दिन के लिए चेन्नई गए और फिर गठबंधन की घोषणा कर के ही लौटे। इसके पहले भी अमित शाह कई राजनीतिक संभावनाओं को संभव बना चुके हैं। त्रिपुरा, बंगाल और उड़ीसा के बाद अब भाजपा के लिए केरल और तमिलनाडु ही दो ऐसे प्रदेश बचे हैं, जहां बड़े कैनवास पर कमल खिलाना बाकी है। अगले साल तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है, उसमें तमिल प्राइड और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है, लेकिन एजेंडा, हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन के बनाए जा रहे हैं। मोदी और अमित शाह को घोर सांप्रदायिक और फेडरल स्ट्रक्चर को बिगाड़ने वाले नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। सामान्य शिष्टाचार है कि राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे के समय मुख्यमंत्री आगवानी करते हैं, लेकिन हाल ही में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर गए थे, तो जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए। जाहिर है कि डीएमके भाजपा विरोध के बजाय केंद्र से टकराव की राजनीति को आगे रखकर चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा के लिए यह दोहरी चुनौती है। सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका में लगातार अपनी पैठ बढ़ा रहा है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर खिलाफत करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है। भाजपा, तमिलनाडु में होने वाले हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेती रही है, लेकिन बड़ी सफलता अभी तक नहीं मिली है। भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लडाई भी लड़ी जानी है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते है। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं। वह एआईडीएमके के साथ अभी से कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना कर चलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है, तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सोया हुआ अमुनि और जागा हुआ मुनि



संकलित
**दर्शन**

अध्यात्म की नजर में सिर्फ जागा हुआ मनुष्य ही धर्मिक मनुष्य होता है, क्योंकि धर्म की परिभाषा में अपने प्रति सोया हुआ 'अमुनि' है और अपने प्रति असोया हुआ (जागा हुआ) 'मुनि' है। अब मनुष्य के समक्ष धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यही है, सबसे महत्त्वपूर्ण जिज्ञासा यही है कि नींद में हम आपस में धर्म के नाम पर लड़ाई-झगड़े करते आ रहे है और एक-दूसरे और धार्मिक ग्रंथों को अपमानित करने से भी बाज नहीं आते। हम समझते हैं हम धर्म का काम कर रहे हैं, हम धर्म का झंडा ऊंचा कर रहे हैं। जागा हुआ इनसान यह जान जाता है कि 'मैं कौन हूं, क्या हूं।' वह जान जाता है कि मैं इनसान हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई नहीं हूं। जब इनसान इनसान बनकर जीता है, तो धर्म के नाम पर सभी झगड़े समाप्त हो जाते हैं। यही जागरण है और यही इसकी क्रांति है। अब सवाल पैदा होता है कि अगर हम सोए हुए हैं, तो हमारी तंद्रा (निद्रा) कैसे मिट सकती है, हम सपनों के बाहर कैसे हो सकते हैं, अज्ञानता से बंद हुई हमारी आंख कैसे खुल सकती है? महात्मा फरमाते हैं कि अगर सोए हुए मनुष्य को सही मायनों में जागना है, तो उसे एक निर्णय अपने हृदय में लेना जरूरी है कि ये सोया हुआ है, क्योंकि जब तक मनुष्य यह स्वीकार करने को राजी नहीं हो जाता कि ये वास्तविकता में सोया है, तब तक ये जागने की दिशा में कोई कदम नहीं रख सकता और जागने की दिशा का पहला सूत्र है कि मनुष्य अनुभव करे कि ये वाकई सोया हुआ है। अब अनुभव करने के लिए हमारा सारा जीवन प्रमाण है।

## जैसी होती है संगत, वैसी बहती जीवन की धारा



संकलित
**प्रेरणा**

हमारा जीवन कैसा है? पानी जैसा। जिसमें डालोगे वैसा हो जाता है। सत्संग में डालते हो, तो सत्संग में, उस ऊर्जा में, तुम वैसे हो जाते हो। जिस संगत में होते हो, वैसे तुम्हारी जीवन धारा बहने लगती है। जहां पर भी मन डालते हैं, वो उस रूप को ले लेता है। इसलिए भी सत्संग बहुत आवश्यक है। हो रहा है न? जब सत्संग में बैठते हैं तो पूरी आपकी जो चेतना है, बदल जाती है कि नहीं? सकारात्मक हो जाते हो उत्साह, स्फूर्ति, भक्ति। भक्ति के वातावरण में डालते हो तो भक्तिमय हो जाते हो तुम। लोभ और लालच उसमें डालोगे तो वैसे ही लोभ, लालच पकड़ लेगा दिमाग को। फिर वही सोचता रहेगा अरे, उसने इतना कमाया, इसने इतना किया, मैं इतना करूं। लोभ में, लालच में फिर मन आ जाता है। फिर तुम चुगली में लगाओगे, तो फिर चुगली भी होने लगेगी। जिसमें डालो मन, क्रोध में डालो, तो क्रोधित रहोगे। इतना क्रोध मन में बना रहेगा। कोई छोटी-मोटी बातों को लेकर क्रोधित रह सकता है। जिंदगी भर हम ऐसे रह सकते हैं। चिंता की झोली में डालेगे तो चिंतित ही रहोगे। ये नहीं, वो नहीं, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवां। सो, चिंता में डालोगे तो चिंता। शोक में डालोगे तो शोक। कोई भी कारण न हो, तो हम ढूंढ ही लेते हैं कुछ न कुछ कारण दुखी रहने का। तो उस में डाल दो तो वो वैसा। और सिर्फ ऐश ही की आदत है तो अय्याशी करने की तो, अय्याशी में मन डालोगे तो वैसे ही, अय्याशी में ही दिन रात बीत जाएगी।

## सटाका




## आज की पाती


### सड़क पर बाजार

राजधानी की सड़कों पर बाजार से यातायात बाधित हो रहा है। आधी सड़क पर दुकानदारों का कब्जा होता है। ऐसे में वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है और लंबी कतारें लग जाती हैं। संतोषी नगर अंडरब्रिज से मोतीनगर तक दोनों ओर दुकानदार सड़क पर सामान रख देते हैं। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी औपचारिकता पूरी करते हैं। थोड़े दिनों बाद रास्ता ज्यों का त्यों हो जाता है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

## करंट अफेयर

### अमेरिकी मौसम एजेंसी को वित्त कटौती से भारत पर होगा प्रभाव



अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओसिएनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनस्ट्रेशन' (एनओएए) की वित्तीय मदद में कटौती संबंधी अमेरिका सरकार का फैसला भारत की मौसम निगरानी एवं पूर्वानुमान क्षमताओं को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इसका दीर्घावधि में असर देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनओएए जलवायु, मौसम, महासागरों और तटों में होने वाले बदलावों की निगरानी और पूर्वानुमान व्यक्त करती है। यह भारत सहित कई देशों के साथ इस डेटा को साझा करती है, जिससे उन्हें अपने मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार करने में मदद मिलती है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमता फिलहाल अप्रभावित रहेगी, लेकिन बाद में इसके परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, वे निगरानी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेष रूप से महासागर में चाहे वह हिंद महासागर हो या प्रशांत महासागर। यदि इसमें कमी की जाती है, तो हमारे मौसम पूर्वानुमान पर प्रभाव पड़ेगा।

## ऑफ बीट

### महर्षि मार्कंडेय के तप के आगे यमराज हुए बेबस

मार्कंडेय मंदिर बिलासपुर से 20 किमी. की दूरी पर स्थित है। मंदिर के ऊपर व्यास गुफा है। मंदिर को ऋषि मार्कंडेय का जन्म स्थान भी माना जाता है।



पौराणिक गाथा के अनुसार मृकंडु ऋषि की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने पुत्र रत्न का वरदान दिया। लेकिन वरदान के साथ उन्होंने पुत्र के अल्पायु होने का भी जिक्र कर दिया। ज्यों-ज्यों पुत्र की आयु बढ़ती गई, पिता चिंताग्रस्त रहने लगे। बालक मार्कंडेय कुशाग्र बुद्धि होने के साथ पितृभक्त भी थे। उन्होंने अपने पिता के मन को कुरेद कर चिंता का कारण जान लिया तथा इस चिंता से मुक्ति के लिए भगवान शिव की तपस्या आरंभ की। जब उनकी आयु 12 वर्ष होने में केवल तीन दिन शेष रह गए, तो उन्होंने रेत का शिवलिंग बनाया और शिव की तपस्या में लीन हो गए। यमदूत उनके प्राण हरण करने के लिए आए, लेकिन उस शिवलिंग में से आग की लपटें निकलीं व यमदूतों की ओर बढ़ने लगीं। हारकर यमराज को सारा हाल सुनाया। स्वयं यमराज जब वहां आए तो मार्कंडेय जी ने शिवलिंग को बांहों में पकड़ लिया। शिवलिंग में से शिव प्रकट हुए तथा उन्होंने यमराज को वापस यमपुरी जाने का आदेश दिया। उस स्थान पर पानी का झरना फूट पड़ा, जिसे आज मार्कंडेय तीर्थ के नाम से जाना जाता है।

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र बदलाव



हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काफी बदलाव किए हैं। मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि तक, हर कदम सभी के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### 'पंक्चर' हो गई कांग्रेस



इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है। इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह अभी भी ज़मीनी हक़ीक़त से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### बिहार को मुक्ति मिलेगी



आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### जुनून की कोशिश करो



जब आप किसी चीज के प्रति वास्तव में भावुक नहीं होते हैं, तब हर सांसारिक समस्या एक दानव बन जाती है, जुनून की कोशिश करो। समर्पित रहो और देखो कि ब्रह्मांड तुम्हारे प्रति कैसी प्रतिक्रिया करता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सराहनीय कार्य के लिए मिसरोद पुलिस सम्मानित



**भोपाल।** यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए) ने मिसरोद थाना पुलिस के अधिकारियों को एक मानसिक रूप से अस्थिर लापता बालक को खोजकर उसके परिजनों से मिलाने के सराहनीय प्रयास के लिए सम्मानित किया। यह मामला केरल निवासी विशाल मणिकंदन का है, जो 2 अप्रैल को अपने घर से अचानक लापता हो गया था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट एर्नाकुलम पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। नौ अप्रैल को मिसरोद पुलिस को विशाल शहर के एक शोरूम के पास संदिग्ध स्थिति में मिला था। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। मानसिक अस्थिरता और भाषा संवाद में कठिनाई के कारण पुलिस ने यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन के अध्यक्ष ओडी जोसेफ से संपर्क कर सहयोग मांगा। विशाल के व्यवहार को देखते हुए उसे किसी सामान्य आश्रय केंद्र में रखना संभव नहीं था। ऐसे में एसोसिएशन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए ईदगाह हिल्स स्थित करुणा सदन में उसके ठहराव की व्यवस्था की। इस दौरान मिसरोद पुलिस ने लगातार सहयोग और सुरक्षा प्रदान की, क्योंकि बालक ने कई बार भागने का प्रयास किया। 10 अप्रैल को विशाल के पिता मणिकंदन एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी भोपाल पहुंचे और पुलिस की सहायता से उनका अपने पुत्र से पुनर्मिलन हुआ। उनके परिवार ने गहरी राहत और कृतज्ञता व्यक्त की। इस मानवीय सेवा के प्रति आभार प्रकट करते हुए यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मिसरोद थाना पहुंचकर सभी शामिल पुलिसकर्मियों का सम्मान किया।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** कोलार इलाके में एक युवक सोमवार की शाम फंदे पर झूल गया। घटना का कारण घरेलू कलह सामने आ रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय सुनील अहिरवार गोंडीपुरा इलाके में रहता था। सोमवार शाम उसकी पत्नी अपने मायके गई थी। इसी दौरान वह शेड के पाइप में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया। परिजनों को जब मामले का पता चला तो उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी संतोष कुमार का कहना है कि अभी प्रारंभिक तौर पर घरेलू कलह का कारण सामने आया है। युवक का ससुराल पक्ष से पैसे का लेन देन था। हो सकता इस कारण यह कदम उठाया हो। मामले से जुड़े लोगों के बयानों के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### औद्योगिक आपदा को लेकर मॉकड्रिल कल

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में हिंदुस्तान इलेक्ट्रो ग्रेफाइट लिमिटेड में 17 अप्रैल को रासायनिक औद्योगिक आपदा का मॉक अभ्यास होगा। यह अभ्यास सुबह 9.30 बजे शुरू होगा और दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा। मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मप्र आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखना और आम जनता को जागरुक करना है। जिला प्रशासन ने नागरिकों को सूचित किया है कि यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है। घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। अभ्यास के दौरान नागरिक शांति बनाए रखें। यदि किसी को कोई असुविधा हो, तो तुरंत नजदीकी प्रशासनिक अधिकारी को जानकारी दें। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि इस मॉक अभ्यास में प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4916 | | |
| दिनः | 270 | 96 | 268 |
| रातः | 457 | 66 | 259 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 246 | 25 | 357 |
| रातः | 470 | 12 | 147 |

# विरासा हाइट, अग्रसेन चौक पर तत्काल ट्रैफिक सिग्नल लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा मंगलवार सुबह 7 बजे क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकल पड़े। विधायक ने सीआई चौराहे से बंसल अस्पताल तक बन रहे फोर लेन 'अवध मार्ग' का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सहित कनेक्टिंग रोड के निर्माण संबंधी निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक शर्मा ने केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाले फोर-लेन सड़क निर्माण कार्य एवं बंजारी के इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

सुबह 7 बजे विधायक रामेश्वर ने किया सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण

अवध मार्थ केरवा-सेमरी फोर-लेन व मुखर्जी डोर स्टेडियम भी विधायक ने देखा



### यह भी निर्देश दिए

- स्ट्रीट लाइट का कार्य जल्द शुरू किया जाए।
- सड़क के साथ ड्रेनेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो।
- कनेक्टिंग रोड के निर्माण में भी गति लाने के निर्देश दिए।
- विरासा हाइट पर, अग्रसेन चौक पर ट्रेफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिए।
- विरासा हाइट कालीबाड़ी मंदिर के पास कलिया सोत नदी पर इसी मार्ग पर बनने वाले पुल को लेकर भी निर्देश दिए।
- केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाले फोर–लेन सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाना है।
- बंजारी में बन रहे मुखर्जी स्टेडियम को लेकर भी विभिन्न निर्देश दिए।

### कोलार के प्रत्येक क्षेत्र को फोर-लेन अथवा सिक्स-लेन से जोड़ा जाए

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - हम क्षेत्र की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह अवध मार्ग मुखर्जी नगर कोलार के यातायात की सुगमता को और अधिक बेहतर कर रहा है। मेरी प्राथमिकता रही है कि मुखर्जी नगर कोलार के प्रत्येक क्षेत्र को फोर-लेन अथवा सिक्स-लेन से जोड़ा जाए। केरवा डैम से सेमरी तक बनने वाली फोर-लेन सड़क अपने निर्माण के बाद नागरिक सुविधा को और सुगम बनाएगी। साथ ही क्षेत्र की प्रगति से नागरिक प्रगति के अवसरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगी।

### कोलार रोड के महाबली नगर की घटना, बेटा व दोस्त घायल

# तेज रफ्तार कार ऑटो से टकराई ऑटो चालक की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार क्षेत्र के महाबली नगर में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात क्रॉसिंग पर कार और बैट्री ऑटो की भिड़ंत हो गई। घटना में 35 वर्षीय आटो चालक ओम प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो में बैठा उसका बेटा और दोस्त घायल हो गए। घटना रात करीब 1 बजे की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक तेज रफ्तार कार बीमा कुंज की ओर से आ रही थी, जबकि बैट्री ऑटो सर्वधर्म की ओर से आ रहा था। वह क्रॉसिंग पर मुड़ रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में ऑटो के साथ कार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की जांच कर रहे एएसआई सुनील त्रिपाठी ने का कहना है कि क्रॉसिंग पर हादसा हुआ है, जिसमें मौके पर ही ऑटो चालक ओम प्रकाश की मौत हो गई। वहीं उसका बेटा और दोस्त भी घायल है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी कार चालक की पहचान की जा रही है, पहचान के बाद उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## पीसीसी के सामने तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**खास बातें**

- सिर और पैर में चोट, वारदात के बाद आरोपी कार चालक फरार
- सीसीटीवी और गाड़ी के नंबर के आधार पर पुलिस कर रही तलाश



**भोपाल।** पीसीसी कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं और घटना में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब घटनाक्रम को देखकर राहगीर एकत्रित हुए तो आरोपी कार चालक युवक और युवती मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर प्रकरण कायम कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक राहुल गर्ते भीम नगर में रहता है और प्राइवेट जॉब करता है। वह रात में अपना काम करके घर जा रहा था। इसी दौरान पीसीसी के सामने एक तेज रफ्तार कार ने उसको कुचल दिया, जिसमें उसके पैर और सिर में गंभीर चोट है। घटनाक्रम देखकर आसपास के लोगों ने आरोपी चालक युवक को घेर लिया। हादसे में घायल युवक के दोस्त की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कार इतनी ज्यादा स्पीड में थी कि उसका बम्पर भी टकराकर रोड पर गिर गया। राहगीर सड़क पर एकत्रित हुए तो आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। लोगों ने डायल हंड्रेड को मामले की सूचना दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले जेपी अस्पताल ले जाया गया, यहां से उसको हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी हबीबगंज संजीव चौकसे का कहना है कि आरोपी के कार का नंबर एमपी 04 सीपी 4727 आया है। इसी आधार पर उसके खिलाफ माामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

दूसरे पक्ष ने जमीन पर कब्जा कर बनाया ढाबा

# तहसीलदार खुद के आदेश पर ही नहीं दिला पा रहे कब्जा

### कलेक्टर की जनसुनवाई में पीड़ित पक्ष ने दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीलबड़ रोड स्थित बरखेड़ी कलां में साक्षी ढाबे तिराहे के पास मुख्य रोड पर जमीन का कब्जा छोड़ने के आदेश के बावजूद कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। ऐसे में पीड़ित पक्ष अपनी जमीन पर कब्जे को लेकर परेशान हो रहा है। पिछले दिनों में भी टीटी नगर सुनीता दहलवार तहसीलदार ने आदेश के बाद कब्जा छुड़ाने के लिए नगर निगम और पुलिस की टीम बुलाई थी, लेकिन पीड़ित पक्ष दिन भर इंतजार करता रहा, लेकिन टीम नहीं आई। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे किसान ने जमीन से कब्जा छुड़वाने की गुहार लगाई है, जिसके बाद मामले की जांच टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा को सौंपी गई है।

मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे 116 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। किसान कैलाश मारण निवासी बरखेड़ी कला की साक्षी ढाबे के पास जमीन है। एक अप्रैल को तहसीलदार ने बेदखली के लिए समय दिया, बावजूद इसके अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है। जमीन पर कब्जा करने वाले पवन चौरसिया, गगन चौरसिया और महेंद्र चौरसिया पिता कृष्णकांत चौरसिया अफसरों पर दबाव बनाकर कार्रवाई नहीं होने दे रहे हैं।



### जेठ ने बहू से ज्यादती कर जमीन हड़पी

बैरसिया क्षेत्र में एक जेठ ने छोटे भाई की पत्नी के साथ ज्यादती कर दी। पीड़िता की जमीन पर कब्जा भी कर लिया है। इस जमीन पर गेहूं की फसल बोई गई थी, जिसे हार्वेस्टर से काट लिया गया है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच देहात एसपी को सौंपी गई है।

### बिल्डर ने जमीन के साथ बोरवेल पर किया कब्जा

प्रभात चौराहा स्थित हरिराम के बाग में खाली पड़ी जमीन पर बिल्डर राजेश जुनैजा ने असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिससे इस जमीन पर ट्यूबवेल भी लगा है। ऐसे में पास ही रहने वाले आधा दर्जन परिवारों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस जमीन पर राजेश चौधरी, रमेश विश्वकर्मा और संदीप विजयन ने कब्जा कराया है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ओमप्रकाश शाक्या ने जमीन से कब्जा छुड़ाकर पानी दिलाने की मांग की है।

### नगर निगम के विरुद्ध प्रस्तुत सिविल वाद निरस्त

**भोपाल।** भवन अनुज्ञा और विकास अनुज्ञा को निरस्त करने को लेकर श्रीराम बिल्डर द्वारा प्रस्तुत सिविल वाद को दशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शरद जायसवाल ने सुनवाई के बाद सारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया है। श्रीराम बिल्डर की ओर से राजीव गुप्ता ने न्यायालय में सिविल वाद प्रस्तुत कर कहा था कि ग्राम नरेला शंकरी स्थित उनकी भूमि पर नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा और संयुक्त संचालक ग्राम निवेश मप्र शासन द्वारा विकास अनुज्ञा जारी की गई थी। नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा और संयुक्त संचालक ग्राम निवेश मप्र शासन द्वारा उन्हें रिवोक करने का नोटिस दिया गया है। उन्होंने संयुक्त संचालक ग्राम निवेश मप्र शासन और नगर निगम द्वारा उनके भवन में प्रस्तावित तोडफ़ोड़ की कार्रावाई पर रोक लगाने की मांग की थी। नगर निगम की ओर से विधि सलाहकार संजय गुप्ता ने प्रकरण में पैरवी करते हुए बताया कि निगम ने हंस रियलटी एवं डेवलपर्स को भवन अनुज्ञा जारी की थी। श्रीराम बिल्डर को भवन अनुज्ञा जारी नहीं की थी। श्रीराम बिल्डर की ओर से राजीव गुप्ता ने सिविल वाद प्रस्तुत किया है, जिसे अधिकार नहीं है।

कहा, प्रतिमा उनके विचारों, संघर्षों और योगदानों की याद दिलाती है

# पटवा ने किया डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने सोमवार देर रात्रि में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विधायक पटवा ने कहा, आज हम महान चिंतक, समाज सुधारक, विधिवेत्ता और भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर नगर परिषद उनकी प्रतिमा का अनावरण करते हुए गर्व और श्रद्धा का अनुभव कर रहे हैं। यह प्रतिमा न केवल एक महान व्यक्तित्व को सम्मान देने का प्रतीक है, बल्कि हमें उनके विचारों, संघर्षों और योगदानों की याद भी दिलाती है। इस अवसर पर संत बुद्धिस्ट सोसायटी प्रदेश के भिक्षुनि संघमित्रा ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का धार्मिक रीति रिवाज से अनावरण कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्धिस्ट सोसायटी डॉ. चंद्राबोधि पाटिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जब मुख्यमंत्री थे, तब महू में डॉक्टर आंबेडकर की विशाल प्रतिमा लगवाई और विशाल प्रांगण बनाया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता बागिश अग्रवाल, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीओपी शीला सुराणा, नगर परिषद सीएमओ राजकुमार शर्मा, इंजीनियर मुकेश जैन आदि ने विचार रखे।



### विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से विधायक पटवा ने किया संवाद, पूछी समस्याएं

# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में हर बूथ का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज/मंडीदीप

औद्योगिक नगर में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों के तहत भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान में मंडीदीप ग्रामीण मण्डल के बूथ क्रमांक 11 एवं 12 में बूथ समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ बैठक की व भारतीय जनता पार्टी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे 10 अलग-अलग हितग्राहियों से संवाद किया।

इस दौरान चौपाल लगाकर लोगों की समस्या को सुना और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाया। साथ ही विधायक ने योजनाओं के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। वहीं दाहोद के बूथ क्रमांक 14-15-16 के बूथ अध्यक्ष व मतदान केन्द्र के प्रभारी व ग्रामीणजनों के साथ चौपाल लगाकर बूथ तक की व्यवस्था व तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान विधायक पटवा ने कहा कि हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को अपने जीवन में आत्मसात करते हैं। उन्होने कहा कि भाजपा का यह अभियान विकसित भारत के संकल्प को लेकर "जन-जन तक पहुँच, गाँव-गाँव तक विकास" की भावना को साकार करने का प्रयास है। इस अवसर पर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र मैथिल, जिला पंचायत सदस्य कमेलश सल्लाम, वरिष्ठ नेता नितिन जैन, जनपद सदस्य सज्जन नागर, श्याम मारण, मनोज मीना, शंकर लाल नागर, मयंक शर्मा, एमएल शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





### हिन्दू देवी देवताओं के चित्रों के अपमान पर लोगों से की खरी बात

# हिंदू जनमानस को जगाने मंडीदीप पहुंचे संत बवंडर बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर हिन्दू सेवा संरक्षा संघ हनुमान गढ़ी अयोध्या के संत बवंडर बाबा औद्योगिक नगर मंडीदीप पहुंचे। फेसबुक यूट्यूब और ट्विटर पर हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमाओं फोटो के अपमान विषय पर हिंदुओं को ही टॉरगेट करते हैं बवंडर बाबा। उन्होंने हिन्दू धर्मावलंबियों से सीधा प्रश्न किया कि हिन्दू देवी देवताओं की फ़ोटो प्रतिमाओं का अपमान खुद हिंदुओं द्वारा क्यों? बीड़ी के बंडल पर गणेश और भगवान दत्तात्रेय की फ़ोटो लगी है। उन्होंने संविधान की धारा 295 का हवाला देते हुए कहा कि सरकार नाम से लाइसेंस क्यों देती है। बवंडर बाबा ने बताया अखबार पेपर में भगवान का फोटो आता है, हिंदू जनमानस बीड़ी के बंडलों, कपूर, अगरबत्ती, पटाखे, कपड़े, आदि पर भगवान के चित्रों वाले खरीदता है और अपमान करता है। वह कभी अखबार का भी विरोध नहीं करता है इसमें देवी देवता के चित्र होते है। रद्दी में उसी पेपर पर लोग चाट पकोड़ी खाते हैं और फेंक देते हैं। शादी की पत्रिका पर भगवान के फोटो गणेशजी, राधा कृष्ण फिर उसी पत्रिका फोटो की पूजा करता है। इसके बाद यही कागज कचरे में पड़ा मिलता है तो हिन्दू भगवान को धोखा दे रहा है या अपने आप को?



### एक लाख 15 हजार किलोमीटर की यात्रा

हिंदू देवी देवताओं के चित्र और प्रतिमाओं को अपमानित होने से बचने के लिए बाबा 21 फरवरी 2021 से अब तक 1 लाख 15 हजार किलोमोटर की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने चार साल से बाल नहीं कटवाए, दाढ़ी नही बनवाई और ना ही जूते पहने हैं। उनका संकल्प है कि जब तक हिंदू देवी देवताओं के चित्र प्रतिभाओं का अपमान बंद नहीं होगा वह लोगों को जागृत करते रहेंगे।

### धारा 295 में सजा का भी प्रावधान

बवंडर बाबा ने बताया कि संविधान किसी भी धर्म मजहब के प्रतीकों का अपमान ना हो यह सुनिश्चित करता है। उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 295 के अनुसार जो कोई भी किसी धर्म का अपमान करने या धार्मिक विद्वेष पैदा करने के इरादे से जानबूझकर किसी पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को नुकसान पहुंचाता है, नष्ट करता है या अपवित्र करता है, उसे 2 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। यह एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है। इसमें पुलिस बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकती है और जमानत मिलना आसान नहीं होता।

# मेमू ट्रेन के औबेदुल्लागंज में स्टॉपेज की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

मेमू ट्रेन के औबेदुल्लागंज स्टॉपेज किए जाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। व्यापार संघ के नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर ने मंगलवार को कहा कि बीना से मेमू ट्रेन भोपाल तक आती है और भोपाल प्लेटफार्म पर खड़ी रहती है। यही मेमू ट्रेन औबेदुल्लागंज तक चलाने की मांग संरक्षक अशोक मित्तल, जितेंद्र दुबे सुदामा तिवारी करते हुए कहा कि मंडीदीप मिसरोद से मेमू ट्रेन को अच्छी खासी सवारी मिलेगी। वहीं छात्रों को लाभ होगा। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, विवेक मित्तल, श्याम मालवीय, दिलीप मित्तल, गिरीश चावला, पुरुषोत्तम शर्मा, बल्लू अरोरा, सोनू राय ने बताया कि मेमू ट्रेन ओबैदुल्लागंज तक आने से व्यापारियों, किसानों, कर्मचारियों और अधिकारियों को भारी लाभ होगा। इसीलिए डीआरएम को बीना से चलने वाली मेमो ट्रेन को औबेदुल्लागंज पर भी स्टॉप देना चाहिए।





# 'ग्लैमरस रवानगी' के जरिए अंतिम वर्ष के छात्रों की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने मंगलवार को ग्लैमरस रवांगी नामक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें अंतिम वर्ष के छात्रों को भावपूर्ण विदाई दी। ऑडिटोरियम को कार्यक्रम की ग्लैमरस थीम रेड कार्पेट से मेल खाने के लिए खूबसूरती से सजाया गया, जहां छात्र अपने जीवन के एक उल्लेखनीय अध्याय के अंत का जश्न मनाने के लिए अपने बेहतरीन परिधानों में सजे-धजे अंदाज में पहुंचे।




### ये रहे विजेता

- मिस्टर फेयरवेल 2के 25 - हर्ष यादव (बी.कॉम इकोनॉमिक्स)
- मिस फेयरवेल 2के25 - जजा अली (बीबीए)
- मिस्टर फेयरवेल रनर अप - मनु प्रजापति और शोएब कुजूर
- वर्ष का सर्वश्रेष्ठ स्पार्टन पुरस्कार - मयंक प्रधान - बीबीए

### बीएसएसएस कॉलेज में हुआ भव्य आयोजन

इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भावनात्मक रिफ्लेक्शन्स और मजेदार गतिविधियों की एक आकर्षक श्रृंखला शामिल थी। एक विशेष आकर्षण टाइटल सेरेमनी था, जहां विभिन्न विभागों के छात्रों को सम्मान मिले। स्टाइलिश रैंप वॉक ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, जो उनके विकास और व्यक्तित्व का प्रतीक था। ऑडिटोरियम में एक फ़ोटोग्राफ़ी कॉर्नर बनाया गया था, जिसमें उनकी यात्रा के यादगार पलों को कैद किया गया, जिससे मुस्कान और आंसू दोनों ही आए।



---

**'कल्कि तू कहां है' पुस्तक का लोकार्पण**

# सदियों पुराना है सनातन धर्म और अगली कई सदियों तक चलता रहेगाः जनरल बख्शी




**भोपाल।** चर्चित लेखक, राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारतीय सेना के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल (डॉ.) जीडी बक्शी द्वारा रचित महत्वपूर्ण 'कल्कि तू कहां है' का भव्य विमोचन एवं समीक्षा समारोह मंगलवार को गौरांजलि सभागार, रवीन्द्र भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जनरल जीडी बक्शी ने कहा सनातन धर्म सदियों से है और आने वाली कई सदियों तक चलता रहेगा।

### स्वामी प्रणवानंद की जीवनगाथा पर आधारित पुस्तक

कार्यक्रम में शहीद मेजर विक्रम बत्रा के पिताजी जीएल बत्रा ने कहा कि सैनिक देश भक्तों से भी ऊपर आते हैं, क्योंकि सैनिक ही देशभक्ति को बचाते हैं। इस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे और निर्वाचन आयुक्त, मप्र मनोज श्रीवास्तव ने पुस्तक की समीक्षा करने के साथ अपने विचार व्यक्त किए। यह पुस्तक स्वामी प्रणवानंद सरस्वती की जीवनगाथा पर आधारित है, जो अध्यात्म, राष्ट्रधर्म और मानवीय मूल्यों की रोचक व्याख्या प्रस्तुत करती है।

---

**मप्र नाट्य विद्यालय ने किया नाटक मृच्छकटिक का मंचन**

# निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त और गणिका वसंतसेना की अमिट प्रेम कहानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों के साथ भारतीय शास्त्रीय नाट्य शैली पर आधारित नवीन नाट्य प्रस्तुति ख्यात नाटक मृच्छकटिक का मंचन मंगलवार शाम को रवींद्र भवन में किया गया। राजा शुद्रक द्वारा लिखित मूल संस्कृत नाटक का अनुवाद मोहन राकेश ने किया है। निर्देशन स्कूल के निदेशक टीकम जोशी का रहा, जबकि संगीत परिकल्पना अंजना पुरी की और नृत्य परिकल्पना लता मुंशी की है।

### मृच्छकटिक की कथावस्तु

मृच्छकटिक की कथावस्तु कवि प्रतिभा से सपन्न है। इसमें दस अंक हैं और प्रत्येक अंक में कई दृश्य हैं। नाटक में सच्चरित्र किंतु निर्धन ब्राह्मण चारुदत्त की कहानी है, जिसे सौंदर्यमयी गणिका वसंतसेना प्रेम करती है। इसके साथ आर्यक की राज्यप्राप्ति की राजनीतिक कथा भी गुथी हुई है। कृतिकार ने दोनों कथाओं को कुशलता से जोड़ा है। यह प्रस्तुति दो हिस्सों में विभाजित रही। पहला- वसंतसेना और चारुदत्त का प्रेम प्रसंग तथा दूसरा- राजविद्रोह के साथ आर्यक को राजपद की प्राप्ति। उज्जयिनी का निवासी सार्थवाह चारूदत्त इस प्रकरण का नायक है और नगरवधु वसंतसेना नायिका है। चारूदत्त की पत्नी धूता पूर्व परिग्रह के अनुसार ज्योष्ठा है, जिससे चारुदत्त को रोहसेन नाम का पुत्र है। चारूदत्त धनहीन हो चुका है। वसंतसेना नगर की शोभा है।





### कुछ अन्य महत्वपूर्ण चरित्र कथा को बढ़ाते हैं आगे

अत्यंत उदार, मनस्विनी, व्यवहारकुशलता, रूप, गुणसंपन्न एवं नवयौवना नायिका उत्तम प्रकृति की है। वह आसाधारण गुणों से मुग्ध हो चारूदत्त से प्रेम करती है। नायक की एक साधारण और स्वीया नायिका होने के कारण यह संकीर्ण प्रकरण माना जाता है। नाटक में कुछ अन्य महत्वपूर्ण चरित्र जैसे संवाहक और शर्विलक इस कथा को आगे बढ़ाते हैं। उज्जयिनी पर केंद्रित इस कथा में एक खास बात यह है कि ब्राह्मण, व्यापारी और निम्नवर्ण मिलकर मदांध राज्य को उखाड़ फेंकते है। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य और संगीत के माध्यम से इस कथा को मंच पर साकार किया।

---

**वर्ल्ड आर्ट डे पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में उत्सव**

# कलाएं हमें मनुष्य बनाए रखती हैंः डॉ. रितेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड आर्ट डे के उपलक्ष्य में स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय में मंगलवार को सृजन सरोकार उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों व रेखाओं के माध्यम से जीवंत किया और सामाजिक कुरीतियों और समकालीन मुद्दों पर प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी।



### मनुष्यों में मनुष्यता को जीवित रखती है कला

वर्कशॉप के मेंटर डॉ. रितेश रंजन ने कार्यशाला में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि कला ही एक मात्र जरिया है, जिसके माध्यम से मनुष्यों में मनुष्यता को जीवित रखा जा सकता है। कला ही वह एक माध्यम है जिसके भीतर से सच्चे इतिहास की पड़ताल की जा सकती है। उन्होंने कहा विश्व की कोई भी सभ्यता अपने कलाओं के लिए जानी जाती है अपने युद्धों के लिए नहीं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा यह दिन न केवल कलाकारों के लिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है जो जीवन में सौंदर्य और रचनात्मकता को महत्व देता है।

---

**समाजसेवी डॉ. आलोक ने आंबेडकर पर कहा**

# अस्पृश्यता दूर करने में बाबा साहेब का है अमिट योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक समरसता बढ़ाने और अस्पृश्यता दूर करने में आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है। उनका जीवन संघर्षमय रहा है, वे कुशाग्र वुद्धि के थे, उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा समानता और बंधुत्व के भाव का विकास किया। उक्त विचार समाजसेवी डॉ. आलोक पांडे ने मंगलवार को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्तमान संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कॉलेज में डॉ. बीआर आंबेडकर की 134वी जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. आलोक पांडे ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, क्योंकि उन्होंने सामाजिक समरसता बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा समानता और बंधुत्व की भावना का विकास किया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्षमय रहा, वे कुशाग्र वुद्धि के थे, जिसके कारण उन्होंने समाज को संवैधानिक अधिकार दिलाकर नई दिशा दी।

---

**एसपीएम कॉलेज में मनाई आंबेडकर जयंती, संगोष्ठी में रखे विचार**

# डॉ.गौर ने संविधान निर्माता आंबेडकर का समाज में योगदान का किया उल्लेख

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वी जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रागिनी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वीपीएस गौर ने डॉ. आंबेडकर के समता मूलक समाज के निर्माण में योगदान का प्रमुखता से उल्लेख किया। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. एसके मल्होत्रा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान का देश के हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एमके गुप्ता, डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. सुधांशुधर, द्विवेदी, डॉ. मीनू चतुर्वेदी, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. एसडी सिंह, डॉ. आईए दुर्रानी सहित सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक तथा कार्यालयीन स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



---

# डॉ. प्रियंका को रानी लक्ष्मीबाई स्मृति अवार्ड

**भोपाल।** राजधानी के हिंदी भवन में डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव प्रियांजलि को रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव को ये सम्मान 'स्त्री' विषय पर उनकी विभिन्न दृष्टिकोणों पर आधारित पांच रचनाओं के लिए विश्व हिंदी रचनाकार मंच द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर ने बताया कि वह देश के विभिन्न नगरों में प्रति वर्ष साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन करते हुए चयनित साहित्यकारों का सम्मान करते हैं।



---

# भोपाल तमिल संगम 20 अप्रैल को मनाएगा तमिल नववर्ष उत्सव

**भोपाल।** प्रदेश की प्रमुख सांस्कृतिक संस्था भोपाल तमिल संगम रविवार, 20 अप्रैल को कोलार रोड के एक निजी होटल वेस्टर्न, कोलार रोड, में तमिल नववर्ष उत्सव 2025 मनाएगा। यह आयोजन तमिल विरासत, परंपराओं और एकता की एक जीवंत झलक पेश करेगा, जिसमें परिवारों, गणमान्य व्यक्तियों और सांस्कृतिक प्रेमियों की भागीदारी पूरे क्षेत्र से देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में पारंपरिक संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों का समावेश होगा, जिनमें भरतनाट्यम, करगट्टम और कर्नाटिक संगीत शामिल हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रदर्शनी, प्रामाणिक तमिल व्यंजनों की विविधता, समुदाय सहभागिता कार्यक्रम, सांस्कृतिक पुरस्कार वितरण और तमिलनाडु व मध्य प्रदेश के अधिकारियों की भागीदारी भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। इस आयोजन के संबंध में भोपाल तमिल संगम के अध्यक्ष पी. राजू ने कहा, तमिल नववर्ष केवल एक पर्व नहीं है, यह हमारी पहचान, मूल्यों और सांझा सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। यह कार्यक्रम तमिल प्रवासी समुदाय को एक साथ लाने और हमारी परंपराओं को भोपाल की व्यापक जनता के सामने प्रस्तुत करने का एक मंच है।

---

# भारत सरकार के 'माय भारत' पोर्टल का अंग ईएलपी प्रोग्राम हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाशवाणी में मंगलवार को युवा कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी तथा आकाशवाणी द्वारा संयुक्त रूप से युवाओं के लिए ईएलपी (एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम), प्रोग्राम प्रोडक्शन एवं प्रेजेंटेशन ट्रेनिंग सेशन के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही आकाशवाणी भोपाल में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पद पर चयनित युवाओं के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया।



### चयनित युवाओं को दिया जा रहा है रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल थे।गौरतलब है कि ईएलपी प्रोग्राम भारत सरकार के माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया जाने वाला फ्लैगशिप प्रोग्राम है, जिसके तहत चयनित युवाओं को विभिन्न कार्यालयों में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

**अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने किया विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित**

# महाभारत और रामायण हमारे धर्म के शौर्य ग्रंथः मिश्रा

**भोपाल।** नवसंवत्सर विक्रम संवत 2082 की पावन बेला पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई द्वारा शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए ऋषि कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने कहा कि महाभारत और रामायण हमारे शौर्य ग्रंथ हैं, जिनमें वीरता की गाथाएं निहित हैं।



### महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को रेखांकित करना उद्देश्य

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहदी ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि नवसंवत्सर भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। 'शक्ति सम्मान' का उद्देश्य समाज के रचनात्मक, सांस्कृतिक, बौद्धिक और सृजनशील क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को रेखांकित करना है।

### सम्मानित महिलाएं

- नेपथ्य की शक्ति- श्रद्धा शर्मा
- शिक्षा (जयपुर)-डॉ. ममता जोशी
- चिकित्सा-डॉ. कुसुम सक्सेना
- प्रशासनिक सेवा- मधु चौधरी
- शिक्षा-डॉ. वंदना शर्मा
- अधिवक्ता-डॉ. विभा
- गायन-राजकुमारी शर्मा
- उद्घोषणा-साधना जैन
- तकनीकी सेवा- किरण धामने
- रंगमंच-नीति श्रीवास्तव

### बच्चों को सक्षम बनाकर पूरे किए शौक

मुख्य अतिथि श्रद्धा शर्मा, प्रसिद्ध समाजसेवी ने कहा कि मैंने अपने शौक अपने बच्चों को सक्षम बनाकर पूरे किए हैं। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि परिषद पिछले 15 वर्षों से शक्ति सम्मान के माध्यम से सक्रिय महिलाओं को सम्मानित कर रही है।

# राहुल ने नहीं मानी तेजस्वी की बात, सीएम फेस पर अभी 'संदेह'

## कांग्रेस बिहार में 70 से कम सीट स्वीकार नहीं करेगी
## स्पष्ट कर दिया है कि सीएम फेस चुनाव बाद तय होगा

### दिल्ली में की मुलाकात, बिहार की सियासत पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली बुलाकर कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह बिहार में 'अगवा' की भूमिका में रहेगी। महागठबंधन की पटना में होने वाली बैठक के पहले मंगलवार को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मुलाकात हुई। अब बदली कार्यशैली से कांग्रेस, आरजेडी से अपने 'दबाव' पर मोलभाव करती दिखाई दे रही है। पटना की बैठक में आने के पहले कांग्रेस ने आरजेडी के साथ कुछ बातें साफ कर ली है। कांग्रेस बिहार में 70 से कम सीट स्वीकार नहीं करेगी और जिताऊ सीटों का चुनाव करेगी। कृष्णा अलवरु हों या सचिन पायलट सबने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सीएम फेस चुनाव बाद तय होगा। आरजेडी नेता बैठक के पहले तक तेजस्वी को ही बिना किसी कन्फ्यूजन के सीएम फेस घोषित कर रहे थे लेकिन बैठक के बाद खुद तेजस्वी ही कन्फ्यूज दिखे।

लालू के जमाने की अब बदली कार्यशैली

आरजेडी तेजस्वी को मान रही थी सीएम चेहरा



**सीएम फेस के लिए मीडिया चिंता न करे : तेजस्वी**

*राहुल के साथ घंटे भर की बैठक के बाद तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि सीएम फेस के लिए मीडिया को चिंता करने की जरूरत नहीं है। चुनाव के पहले होगा या बाद में होगा, बता दिया जाएगा।*

#### बिहार में बदलाव निश्चितः खरगे

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव निश्चित है। हमने तेजस्वी से मुलाक़ात कर महागठबंधन की मजबूती पर चर्चा की। आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। युवा, किसान-मजदूर, महिलाएं, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।

#### कांग्रेस ने तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दियाः एनडीए

*भाजपा ने इस बैठक पर तंज करते हुए कहा है कि कुर्सी के लिए यह सारी सियासी नौटंकी हो रही है। कुर्सी के मोह में सत्ता के लालच में ये लोग कितनी भी सियासी नौटंकी कर लें, इनका नेतृत्व और दिशा तय नहीं होने वाला। जेडीयू ने कहा है कि तेजस्वी का नेतृत्व अगर कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी स्वीकार करती है तो ये कांग्रेस की दुर्गति है। बैठक पर चुटकी लेते हुए कहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया।*

**मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? टाल गए**

*दिल्ली में बैठक के पहले आरजेडी ने साफ कर दिया था कि बिहार में तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री पद के चेहरा हैं। किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। आरजेडी ने बैठक के पहले कहा कि बिहार की जनता ने तेजस्वी को ही मुख्यमंत्री मान लिया है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इस सवाल पर तेजस्वी ने कुछ नहीं कहा। तेजस्वी ने कहा कि 17 अप्रैल को पटना में बैठक होगी। सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी। तेजस्वी के साथ सांसद मनोज झा भी शामिल थे।*

**अब केवल व्यापक परिवर्तन की बात होगी**

*आरजेडी ने कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केसी वेणूगोपाल जी, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ मुलाकात में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की। राजद ने दावा किया कि जनता के असली सरोकारों को केंद्र में रखकर बिहार में बदलाव सुनिश्चित किया जाएगा। अब सिर्फ व्यापक परिवर्तन की बात होगी।*

---

## खबर संक्षेप

### बस-ऑटो में टक्कर 5 लोगों की मौत




**बहराइच।** यूपी के बहराइच में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा गोंडा-बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के काटिलिया के पास हुआ।

### कानपुर में 2 महिलाओं समेत 3 नहीं रहे



**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार कार और बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 2महिलाओं की मौत हो गई। 3 घायलों को भर्ती कराया गया। सुबह करीब साढ़े सात बजे नारामऊ में जीटी रोड हाईवे कट पर बस और टाटा जेस्ट कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

### पूर्व मंत्री खाचरियावास के घर पर ईडी की रेड



**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में तब हड़कंप मचा जब ईडी ने मंगलवार सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बहुचर्चित 2850 करोड़ के पीएसीएल घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है। उन पर आरोप है कि घोटाले की रकम में से करीब 30 करोड़ उनके पास पहुंची थी।

### सलमान को धमकी देने वाला मानसिक रोगी



**नई दिल्ली।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। वह मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने उस शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है। उसका नाम मयंक पांड्या है।

### समय और इलाहाबादिया ने दर्ज कराए बयान



**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना मंगलवार को 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए। दोनों पूछताछ के सिलसिले में पहुंचे। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा था।

---

## वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल में हिंसा, सेना ने गृह मंत्रालय को बताया

# यहां बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता के सबूत मिले, अब तक 210 उत्पाती गिरफ्तार

**बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने गहन छानबीन शुरू की**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नए वक्फ कानून को लेकर लेकर भड़की हिंसा के मामले में गृह मंत्रालय को शुरुआती जांच की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि हिंसा में कुछ बांग्लादेशी उपद्रवियों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। हालांकि हिंसा के बाद जंगीपुर, धुलियान, सुती और शमशेरगंज जैसे संवेदनशील इलाकों में बीएसएफ, सीआरपीएफ, राज्य सशस्त्र पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में इन इलाकों में कोई नई हिंसा की घटना नहीं हुई है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। तनाव की खबरों के बीच बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी रवि गांधी ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राज्य पुलिस के साथ इलाके में गश्त बढ़ाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति पर चर्चा की। अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



#### टीएमसी ने लोगों से की अफवाहों से बचने की अपील

जंगीपुर के टीएमसी सांसद खलीलुर रहमान ने बताया कि हालात सुधर रहे हैं और सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की। जिला प्रशासन अब उन लोगों की सूची बना रहा है, जिन्हें हिंसा में हुई संपत्ति की क्षति के लिए मुआवजा दिया जाएगा।

#### उत्तराखंड बोर्ड ने कैविएट दायर की

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर बुधवार को होने वाली सुनवाई से ठीक पहले उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने भी एंट्री मार दी है। बोर्ड ने हलफनामा दायर कर इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका में हस्तक्षेप करने की अनुमति मांगी है। बोर्ड ने कहा कि उसे कोर्ट की सहायता करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

**पुलिस से ही भिड़े**

#### दक्षिण 24 परगना में वाहनों में लगाई आग



दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में भी वक्फ अधिनियम को लेकर सोमवार को हिंसा देखने को मिली। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने पुलिस के साथ झड़प की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। कुछ पुलिस वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को उनके नेता और विधायक नौशाद सिद्दीकी की रैली में शामिल होने से रोकने की कोशिश की, जिसके चलते ये झड़प हुई।

#### जमीन खाली करें या दरगाह को दें टैक्स

**वेल्लोर में 150 परिवारों को वक्फ का नोटिस**

वक्फ कानून पर देशभर के कई हिस्सों में बवाल के बीच तमिलनाडु के तिरुचेंदुरई गांव में भी हाल ही में विवाद हुआ था। अब वेल्लोर जिले के कट्टुकोलाई गांव के निवासियों को भी झटका लगा है। उन्हें आधिकारिक नोटिस मिला है जिसमें उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि विवादित जमीन दरगाह की है और वक्फ बोर्ड के स्वामित्व में है। कट्टुकोलाई गांव में भूमि स्वामित्व को लेकर विवाद छिड़ गया है। यहां 150 से अधिक परिवारों को नोटिस मिला है, जिसमें दावा किया गया है कि उनकी संपत्ति वक्फ भूमि है। विरिंचीपुरम में सैयद अली सुल्तान शाह दरगाह द्वारा जारी किए गए नोटिस में मांग की गई है कि निवासी या तो जमीन खाली कर दें या दरगाह अधिकारियों को कर देना शुरू करें।

#### मनमाने ढंग से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जाएगी कोई भी जमीन



**कोच्चि।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ में संशोधन के उद्देश्य पर कहा कि यह मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने के लिए नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य पिछली गलतियों में सुधार करना है। रिजिजू ने कोच्चि में एक प्रेस वार्ता की। रिजिजू ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि किसी की जमीन को 'जबरन और एकतरफा' छीनने का कोई प्रावधान न हो। किसी भी भूमि को मनमाने तरीके से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जाए।

**हमारी प्राथमिकता बॉर्डर को सुरक्षित रखनाः सेना**



कुछ समय से राज्य में सत्ताधारी टीएमसी की ओर बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर बीएसएफ पर आरोप लगाए जा रहे हैं। अब बीएसएफ ने सीएम ममता बेनर्जी को जवाब दिया है और बांग्लादेश से जुड़ी सीमा पर अब तक हुए एक्शन के बारे में भी जानकारी दी है। बीएसएफ ने कहा है कि हमारी प्राथमिकता बॉर्डर को गार्ड करने की है और हम लगातार लोगों को घुसपैठ से रोकते हैं। जो गैर कानूनी तरीके से बांग्लादेश जाना चाहते हैं उनको भी हम रोक कर पुलिस को गिरफ्तार करने के लिए दिशा-निर्देश देते हैं। तस्करी हो रही है तो रोकते हैं।

---

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

# ई-मेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया, एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल मिलने के बाद मामले में मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। रविवार को भेजे गए ई-मेल में मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने की हिदायत दी गई थी। ईमेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था और सतर्कता बढ़ा दी गई थी। हालांकि, सर्च अभियान में कुछ भी नहीं मिला था फिर भी मामले को गंभीरता से लेते हुए राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अयोध्या में हर रोज देश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है।

#### अन्य जिलाधिकारियों को भी दी धमकी

अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है। बाराबंकी, फिरोजाबाद और चंदौली के जिलाधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। बताया जा रहा है कि यह मेल तमिलनाडु से किए गए हैं। वहीं अन्य जिलों की बात करें तो कम से कम 10-15 जिलों के डीएम के आधिकारिक सूचना तंत्र पर धमकी भरा ई-मेल आया। बाराबंकी डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकला। पुलिस और बम स्क्वॉड ने की गहन छानबीनकी।

#### अलीगढ़ डीएम को भी आया मेल, जांच की

अलीगढ़ कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीएम की ऑफिशियल ई-मेल पर धमकी दी गई है। धमकी के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलेक्ट्रेट पर पुलिस बल डॉग स्क्वॉड व अन्य उपकरणों के साथ जांच कर रहा है। परिसर को खाली कराया गया है। परिसर के सभी गेट बंद करा दिए गए। 4 टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गईं। डॉग स्क्वॉड सहित अन्य टीमों को लगाया गया है। सभी विभागों को बंद कराया गया है।

---

## एम्स में पैक्स स्कैन की सुविधा शुरू अब गरीबों को नहीं भटकना पड़ेगा

बच्चों का इलाज होगा आसान

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में कई नई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन कर इन स्वास्थ्य सुविधाओं को गरीबों के हित में बताया। नई सुविधाओं में पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम (पैक्स) और आयुष विभाग में एकीकृत चिकित्सा विभाग शामिल हैं। नड्डा ने विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें रेडियोलॉजी में काम आने वाली पिक्चर आर्चिविंग एंड काम्युनिकेशन सिस्टम (पैक्स) मशीन, आयुष में इन्टिग्रेटेड मेडिसिन और उन्नत बाल चिकित्सा सुविधा के अंतर्गत सेंटर फार एडवांस्ड पीडियाट्रिक सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।



**डिजिटल छवियां और डेटा होंगे सुरक्षित**

*पैक्स एक ऐसी इमेजिंग तकनीक है जिससे डिजिटल छवियों और संबंधित डेटा को सुरक्षित रूप से संग्रहित और प्रसारित किया जाता है। यह प्रणाली चिकित्सा छवियों को सुरक्षित रूप से संग्रहित करती है और उन्हें विभिन्न स्थानों पर डिजिटल रूप से पहुंचाती है। पैक्स का उपयोग एक्सरे, सीटी स्कैन और एमआरआई और अन्य इमेजिंग तकनीकों से प्राप्त छवियों को प्रबन्धित करने में किया जाता है। यह मशीन ट्रॉमा सेंटर में स्थापित की गई है।*

### ट्रक-बस की टक्कर में 3 की मौत, 20 घायल



**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 20 से ज्यादा लोग बुरी तरह से घायल हैं। घायलों को भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की वजह ट्रक- बस की जोरदार टक्कर है। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। यह हादसा खानगांव-नादुरा रोड पर हुआ।

### बंगाली नववर्ष की खुशियां



**कोलकाता।** मंगलवार को बंगाली नववर्ष के पहले दिन कोलकाता में महिलाएं 'मंगल शोभायात्रा' में भाग लेती हुई।

---

## राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों के समूह से मुलाकात की, कहा

# ईमानदारी, सच्चाई से कार्य करेंगे तो ज्यादा सुखी रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के समूह से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्हें अब अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनके सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

**वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत बताई**



*उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने कॅरियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं।*

**अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने की जरूरत बताई**

उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके विकास और जन कल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे।

#### सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी

राष्ट्रपति ने कहा कि उनके कॅरियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए।नैतिकता और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं। लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है।

---

## सीएम सिद्धारमैया को झटका

# 'मुदा' केस में क्लीन चिट पर कोर्ट का सवाल, दोबारा जांच की जाएगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) मामले में एक एमपी-एमएलए कोर्ट ने झटका दे दिया है। उनके खिलाफ लोकायुक्त पुलिस की जांच में उन्हें दी गई क्लीन चिट को स्वीकार करने के बजाय उसकी गहन जांच जारी रखने का आदेश दिया है। जन प्रतिनिधियों के लिए बने विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस द्वारा प्रस्तुत 'बी रिपोर्ट' पर अपना फैसला टाल दिया, जिसमें सिद्धारमैया को किसी भी तरह के गलत काम करने के आरोपों से मुक्त कर दिया गया था।



#### कोई भी फैसला सुनाने के पहले कोर्ट में प्रस्तुत करें

कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस को निर्देश दिया कि कोई भी फैसला सुनाए जाने से पहले एक व्यापक अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जाए। मुदा भूमि आवंटन मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस द्वारा दायर 'बी रिपोर्ट' के खिलाफ ईडी द्वारा दायर याचिका पर अब कोर्ट 7 मई को सुनवाई करेगा।

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है।

## पहले कार्यकारी आदेश पर अमल की तैयारी

# दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगा सकते हैं ट्रंप 20 अप्रैल को हो सकती है अमेरिकी सेना तैनात

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को 20 अप्रैल को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश पर अमल करने की तैयारी शुरू हो गई है। दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लागू करने के कार्यकारी आदेश को भी 20 अप्रैल को लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप आदेश के तहत सेना की तैनाती कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है। इस आदेश में प्रावधान था कि घोषणा की तिथि से 90 दिनों के भीतर, रक्षा सचिव और गृह सुरक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा की स्थितियों के बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके तहत 1807 के विद्रोह अधिनियम को भी लागू किया जा सकता है। हालांकि, अब तक रक्षा सचिव और होमलैंड सुरक्षा सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

*अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंध हो जाएंगी, 1807 का विद्रोह अधिनियम भी लागू हो सकता है*

### मैक्सिको सीमा के पास सेना का होगा नियंत्रण

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको सीमा के पास की जमीन को सेना के नियंत्रण में देने का आदेश दिया है। यह जमीन अब रक्षा मंत्रालय के अधीन होगी और इसे आर्मी बेस का हिस्सा माना जाएगा। इस कदम से सेना को अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार मिलेगा। इस जमीन को रूजवेल्ट रिजर्वेशन कहा जाता है। यह साठ फीट चौड़ी सरकारी जमीन है, जो न्यू मैक्सिको से लेकर कैलिफोर्निया तक फैली है। हालांकि, जहां यह जमीन किसी निजी भूमि से मिलती है, वहां यह लागू नहीं होगी। यह जमीन गृह मंत्रालय के अधीन थी। लेकिन अब ट्रंप के आदेश से इसे रक्षा मंत्रालय को सौंपा गया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि अगर कोई जमीन सेना के बेस का हिस्सा बना दी जाए, तो सेना वहां सुरक्षा का काम कर सकती है।*

### हार्वर्ड विवि के अनुदान पर रोक

ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान और अनुबंधों पर रोक लगा दी है। विवि ने कहा कि वह परिसर में ट्रंप प्रशासन की मांगों का अनुपालन नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन ने विवि को पत्र लिखकर व्यापक सरकारी और नेतृत्व सुधारों का आह्वान किया। इसके तहत हार्वर्ड को योग्यता-आधारित प्रवेश और नियुक्ति नीतियां स्थापित करनी होंगी। साथ ही विविधता के बारे में उनके विचारों पर अध्ययन निकाय, संकाय और नेतृत्व का ऑडिट भी करना होगा। हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर ने कहा कि ये मांगें विवि के प्रथम संशोधन अधिकारों का उल्लंघन करती हैं और सरकार के अधिकार की वैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करती हैं।

### सेना को विद्रोह या हिंसा दबाने का अधिकार

अमेरिका के 1807 के विद्रोह अधिनियम के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में कानून को लागू करने के लिए सेना और यूएस नेशनल गार्ड की तैनाती की अनुमति दे सकते हैं। यह सेना को किसी भी विद्रोह, बगावत या हिंसा या प्रतिरोध के किसी भी कृत्य को पूरी तरह से दबाने का अधिकार देता है। यह पूरी शक्ति देता है कि यूएस के भीतर अमेरिकी सैनिकों को कब, कहां और कैसे तैनात किया जाए।

### विदेश विभाग का बजट आधा करने का प्रस्ताव

व्हाइट हाउस के प्रबंधन और बजट कार्यालय (ओएमबी) ने विदेश विभाग के बजट में लगभग 50 फीसदी की कटौती करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, कई राजनयिक मिशनों को बंद करने, राजयनिक कर्मचारियों की संख्या घटाने और संयुक्त राष्ट्र, नाटो सहित लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए फंडिंग बंद करने का प्रस्ताव दिया गया है। एक अधिकारी के अनुसार, यह प्रस्ताव पिछले सप्ताह विदेश विभाग के सामने पेश किया गया था। हालांकि, यह अभी प्रारंभिक चरण में है। इसे पहले विदेश विभाग और फिर कांग्रेस के पास भेजा जाएगा। आगामी महीनों में सांसदों को संघीय बजट पर मतदान करने के लिए कहा जाएगा, जहां इसे बदला या पूरी तरह से खारिज भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशी अभिनेत्री मेघना आलम गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेशी मॉडल और अभिनेत्री मेघना आलम को गिरफ्तार किया गया है। उनकी



गिरफ्तारी 9 अप्रैल को हुई। उन पर देश को खतरे में डालने का आरोप है। उन्हें देश के स्पेशल पावर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्हें सऊदी अरब के साथ बांग्लादेश के संबंधों को खराब करने की कथित कोशिश के लिए जेल भेजा गया है। वे 2020 में मिस अर्थ बांग्लादेश का खिताब जीत चुकी हैं। पुलिस ने बीते बुधवार देर रात मेघना के घर छापा मारा। मारने के बाद उन्हें हिरासत में ले

### कैटी अंतरिक्ष से पृथ्वी को देख हुई मंत्रमुग्ध!

**वॉशिंगटन।** पॉप आइकन कैटी पेरी ने 21वीं सदी की पहली महिला उड़ान में सवार होकर अंतरिक्ष से



पृथ्वी का सुंदर नजारा देखने के बाद लुई आर्मस्ट्रांग का क्लासिक गीत 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाया। उन्होंने 14 अप्रैल को अंतरिक्ष की अपनी संक्षिप्त यात्रा के बाद अपनी पहली पोस्ट साझा की। उन्होंने उस खूबसूरत पल को याद करते हुए बताया कि पेरी का गाना 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' उनकी यात्रा के दौरान एक खास पल था जिसे वो कभी नहीं भूल सकते हैं। उन्होंने कैप्सूल में मौजूद शांति और

### फ्रांस ने 12 अल्जीरियाई राजनयिकों को निकाला

**पेरिस।** फ्रांस और अल्जीरिया के बीच कूटनीतिक तनाव एक बार फिर



बढ़ गया है। फ्रांस ने अल्जीरिया के 12 राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। साथ अल्जीरिया में काम कर रहे अपने राजदूत को बातचीत के लिए वापस बुलाया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फ्रांस ने अल्जीरिया के तीन नागरिकों पर 2024 में अल्जीरियाई विपक्षी कार्यकर्ता अमीर बुखोरस के अपहरण के आरोप लगाए थे। इन तीन लोगों में अल्जीरियाई वाणिज्य दूतावास का अधिकारी भी शामिल था।

## भारत और तंजानिया की द्विपक्षीय चर्चा

# हिंद महासागर क्षेत्र की शांति पर दोनों मिलकर करेंगे काम



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत और तंजानिया ने रक्षा क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय चर्चा की है। इस दौरान दोनो देशों ने आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के लिए हिंद महासागर क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के महत्व पर बातचीत की और साथ में काम करने पर प्रतिबद्धता जताई। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को तंजानिया की रक्षा मंत्री के साथ यह अहम मुलाकात की है। बता दें, यह बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब पहली बार भारतीय नौसेना, अफ्रीका के दस देशों के साथ 'एइकीमी' नामक साझा नौसैनिक समुद्री अभ्यास कर रही है। तंजानिया में आयोजित यह नौसैनिक अभ्यास रणनीतिक तौर पर बेहद अहम है। यही कारण है कि भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी तंजानिया में मौजूद है।

### डिफेंस एक्सपो में भारत की तारीफ

तंजानिया में आयोजित मिनी डिफेंस एक्सपो में भारतीय उद्योगों को जमकर सराहा गया है। इन उद्योगों में आइडियाफोर्ज, जेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और अन्य ने खासतौर पर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, अफ्रीका-इंडिया मैरिटाइम एंगेजमेंट समुद्री प्रगति-सुरक्षा के लिए एक बहुपक्षीय अभ्यास है जो भारत, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स व दक्षिण अफ्रीका को साथ लाता है। सेठ ने भारतीय समुदाय के कई लोगों से मुलाकात की जो दशकों से तंजानिया में रह रहे हैं। तंजानिया में कमल ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने कहा, उनका समूह पिछले 20 वर्षों से तंजानिया में विभिन्न क्षेत्रों में अपना कारोबार चला रहा है।

### रक्षा सहयोग को बढ़ाएंगे

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत और तंजानिया आपसी रक्षा सहयोग को भविष्य में और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों देशों का उद्देश्य आपसी संबंधों को मजबूत करना है। इसके लिए नए रास्ते तलाशने और आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के लिए हिंद महासागर क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के महत्व पर भी बातचीत हुई। रक्षा राज्य मंत्री तंजानिया के दार एस सलाम में एइकीमी के उद्घाटन समारोह में शामिल भी हुए थे।

## संयुक्त राष्ट्र में डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राज्य मंत्री अठावले बोले

# बाबा साहेब के विचार भारतीय सीमाओं से परे भी गूंजते, उनका जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत

**एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क**

केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता, प्रतिनिधित्व और मानवाधिकार के जिन सिद्धांतों के लिए लड़ाई लड़ी, वह आज 2030 के सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

डॉ. आंबेडकर ने वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई

वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन केवल भारत के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न की सीमाओं को पार करते हुए वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने।





### लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे



*संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे और संविधान की नैतिकता को लागू करने के लिए संस्थागत ढांचे को माध्यम मानते थे। 'फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन' के अध्यक्ष दिलीप म्हसके और हार्वर्ड डिविनिटी स्कूल के 'विजिटंग प्रोफेसर' संतोष राऊत ने भी डॉ. आंबेडकर के विचारों की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया।*

### जमीनी स्तर पर कई योजनाएं चला रहे

अठावले ने कहा कि मंत्रालय डॉ. आंबेडकर की विरासत को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए कई योजनाएं चला रहा है जिनमें अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 'नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप', 'पीएम-दक्ष योजना' और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'स्माइल स्कीम' शामिल हैं। यह कार्यक्रम भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भारतीय प्रवासी, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले, अठावले ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के लेहमैन लाइब्रेरी में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इसे ज्ञान के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है।

### मेयर एरिक एडम्स ने किया ऐलान

### न्यूयॉर्क में हर साल 14 अप्रैल को मनेगा आंबेडकर दिवस

न्यूयॉर्क में भी हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस मनाया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने इसकी घोषणा की। शहर के 85 लाख निवासी आंबेडकर दिवस को मनाएंगे। न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने इसकी सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक क्षण जब डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क मेयर के कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया।

### महान विरासत को स्वीकारा

*फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन के अध्यक्ष दिलीप म्हस्के ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस घोषणा में लोकतंत्र, सम्मान, महिला सशक्तीकरण और ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय को आगे बढ़ाने में डॉ. आंबेडकर की महान विरासत को स्वीकार किया।*

## अमेरिकी विदेश मंत्री की दो टूक...

# अमेरिका का वीजा 'अधिकार नहीं, केवल विशेषाधिकार है'

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका का वीजा 'अधिकार नहीं,' 'केवल विशेषाधिकार है'। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन में हम



वीजा कानून का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी वीजा धारकों को योग्यता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करना पड़ेगा। उनकी यह टिप्पणी एच1बी वीजा और ग्रीनकार्ड धारकों के संदर्भ में की गई है जिनमें भारतीय छात्र और कामगार वीजा वहां पढ़ाई व नौकरी करते हैं।

### कानून के सम्मान पर ही मिलेगी एंट्री

मार्को रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका का वीजा केवल उन्ही लोगों के लिए ही आरक्षित है। जो हमारे देश को अच्छा बनाना चाहते हैं न कि इसे अंदर से खराब करने की मंशा रखते हैं। हमारे कानूनों में भी स्पष्ट है कि कौन अमेरिका में आ सकता है और किसके आने पर पाबंदी है? उन्होंने कहा कि अमेरिका में केवल उन्ही लोगों को एंट्री दी जाएगी। जो हमारे देश के कानूनों और मूल्यों का सम्मान करेंगे। प्रवासन से जुड़े मानकों के सख्त क्रियान्वयन के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध है। वीजा धारकों को लगातार योग्यता मानकों का पालन करना पड़ेगा। डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी और बाकी एजेंसियां नियमित रूप से वीजा की समीक्षा और उसे रद्द करने की कार्रवाई कर सकती हैं।

### कॉलेज कैंपस में प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं


उन्होंने पिछले साल से अमेरिका के कुछ कॉलेजों में जारी विरोध-प्रदर्शन को लेकर कहा कि अमेरिका में कुल करीब 1.1 मिलियन विदेशी छात्र तमाम प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। इनमें से जो भी अमेरिकी नागरिकों के लिए कॉलेज कैंपस को बंद करेंगे, यहूदी छात्रों को प्रताड़ित करेंगे, हाईवे रोकेंगे या भवनों के सामने प्रदर्शन करेंगे तो उन्हें किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जाएगी। बल्कि ट्रंप प्रशासन भविष्य में उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

## कल ब्राजील जाएंगे शिवराज

# ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग, चर्चा भी करेंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भाग लेंगे। शिवराज सिंह चौहान ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बाक्वेटा फावारो और कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। ये बैठकें कृषि,



कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक का विषय है 'ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना।'

## लंदन के विशेषज्ञों की अहम खोज

# ब्लड टेस्ट से जान सकेंगे हार्ट अटैक का खतरा है या नहीं?

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर की निगरानी के माध्यम से आप हृदय संबंधित जटिलताओं का आकलन कर सकते हैं।। लंदन स्कूल



ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम) के विशेषज्ञों ने एक ऐसे ब्लड टेस्ट की जानकारी दी है जिसके माध्यम से भी पता लगाया जा सकता है कि भविष्य में आपको हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा तो नहीं है?

### 565 रुपए कीमत में टेस्ट

*ट्रोपोनिन हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाओं में पाया जाता है और जब हृदय में कोई समस्या होती है या ये क्षतिग्रस्त होने लगता है तो इस प्रोटीन की मात्रा खून में बढ़ने लग जाती है। वर्तमान में कई अस्पतालों में दिल के दौरे का पता लगाने कि लिए हाई सेंसिटिविटी ट्रोपोनिन ब्लड टेस्ट किया जाता रहा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि नियमित रूप से इन परीक्षणों के उपयोग से उन लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है, जिनमें हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम अधिक हो सकता है। यह टेस्ट काफी किफायती है।*

## अंतिम वैश्विक पड़ाव दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से गोवा के लिए रवाना

## भारत के समुद्री इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ेगा

# दुनिया का चक्कर लगाकर डेढ़ माह बाद घर लौटेंगी नौसेना की जांबाज महिलाएं

### स्वदेशी जहाज निर्माण तकनीक क्षमताएं सबके समक्ष दिखीं

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

पिछले साल 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से तारिणी पोत के जरिए दुनिया का चक्कर लगाने का सपना संजोए गोवा से निकलीं नौसेना की दो बहादुर महिला अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए का समुद्री सफर अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। जिसमें वह सोमवार दोपहर 1 बजे दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से भारत वापसी के लिए निकल गई हैं। नौसेना ने



बताया कि देश में इनका पड़ाव गोवा होगा। जहां यह दोनों कुल करीब डेढ़ महीने के बाद मई महीने के अंत में पहुंचेंगी। यह वो क्षण होगा जो भारत के समुद्री इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ेगा।

### केपटाउन में हुए अहम कार्यक्रम

लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना.के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए अप्रैल की शुरुआत में केपटाउन पहुंची थीं। इसके बाद अपने करीब एक पखवाड़े के प्रवास के दौरान तारिणी पोत कई आउटरीच और कूटनीतिक कार्यक्रमों का केंद्र रहा, जहाज पर कई प्रतिष्ठित मेहमान पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका में भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार, वेस्टर्न केप के उप सभापति रीगन एलन, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारत के मित्र जॉनाथन रोड्स, एकल भ्रमणकर्ता और प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब रेस 2022-23 की विजेता कर्स्टन न्यूशेफर, केपटाउन में भारत के काउंसल जनरल रूबी जसप्रीत, प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

### महिला नौसैनिकों की शक्ति का प्रदर्शन

दोनों महिला अधिकारियों की यह यात्रा नौसेना के नाविका सागर परिक्रमा के द्वितीय अभियान से जुड़ी हुई है। जिसका उद्देश्य भारतीय समुद्री नौकायन को बढ़ावा देना, महिला नौसैनिकों को शक्ति और दृढ़ता प्रदर्शित करने के साथ ही भारत की स्वदेशी जहाज निर्माण तकनीक क्षमताओं को सबके सामने लाना है। साथ ही यह महिला सशक्तिकरण, उत्कृष्ट समुद्री नौवहन क्षमता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। नौसेना ने बताया कि बल के पोत तारिणी की इस यात्रा से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अलावा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बढ़ते समुद्री सहयोग को मजबूती मिलेगी। वहीं, तारिणी की भारत यात्रा की शुरुआत के वक्त केपटाउन के रॉयल केप यॉट क्लब में विदाई समारोह आयोजित किया गया था।

## भारत-इटली के बीच हुई संयुक्त रक्षा समिति की 11वीं बैठक

# रक्षा, सुरक्षा, औद्योगिक और समुद्री सूचना नेटवर्क के मुद्दों पर करेंगे आपसी सहयोग

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का इटली का दो दिवसीय दौरा संपन्न हो गया है। जिसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच 11वीं वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त रक्षा समिति की अहम बैठक में भाग लिया। भारत ने इसकी सह-अध्यक्षता की और रक्षा सचिव एक विस्तृत प्रतिनिधिमंडल के साथ इसमें शामिल हुए। इटली का प्रतिनिधित्व सेकेट्री जनरल ऑफ डिफेंस लुईसा रिकार्डी ने किया। बैठक में दोनों पक्षों के बीच रक्षा, सुरक्षा, औद्योगिक, समुद्री और



सूचना साझा करने से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों ने अंतर क्षेत्रीय समुद्री नेटवर्क पर भी जोर दिया। रक्षा सचिव ने इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई।

### हथियारों के उत्पादन में बढ़ाएं सहयोग

रक्षा सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और इटली के बीच खासतौर पर तकनीक और हथियारों के उत्पादन को लेकर सहयोग को बढ़ाना चाहिए। क्योंकि यह भारत का प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा लगातार रक्षा उत्पादन और नवाचार के लिए बनाए जा रहे इकोसिस्टम का हवाला देते हुए कहा कि भारत एक चमकते हुए नवाचार और औद्योगिक इकोसिस्टम के रूप में विकसित हो गया है।




# बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ाने बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।



- धोनी ने चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच बनाने का किया आग्रह
- बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके

### छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच जीता

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, "एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।"

### बेहतर विकेटों पर खेलने की जरूरत

धोनी ने कहा, "शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की ज़रूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।" धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है।

### जीतकर अच्छा लग रहा

धोनी ने कहा ," जीतकर अच्छा लग रहा है । बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है । यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है । उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी ।" धोनी ने कहा, पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की ।

### बेहतर विकेटों पर बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे

हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था । यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये ।

खास खबर

## रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई की रणनीति पर पड़ रहा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है । मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं । उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है ।

## बिश्नोई ने ऋषभ पंत का बचाव किया

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई इस बात को लेकर निश्चित नहीं हैं कि अच्छे स्पैल के बावजूद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का मौका क्यों नहीं मिला, लेकिन उन्होंने अपने कप्तान ऋषभ पंत के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं। चेन्नई को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी तथा महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे खेल रहे थे तब पंत ने स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करवाने का विकल्प चुना लेकिन उनका यह दाव नहीं चल पाया और धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "मेरी वास्तव में इसको लेकर उनसे (ऋषभ पंत) कोई बात नहीं हुई। मैं दो बार विकेट पर आया लेकिन शायद उनके दिमाग में कुछ और योजनाएं थी। शायद उनका नजरिया कुछ और था।"



## सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है । भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैम्पियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है । महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी । उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे । वहीं पुरूष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा ," चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है । हम जीत के लिये एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है । हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी ।"



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

केकेआर के सात ओवर में दो विकेट पर थे 60 रन 95 रन पर हो गए ऑल आउट

चहल बने प्लेयर ऑफ द मैच, 28 रन देकर झटके चार विकेट

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने केकेआर को 16 रनों से दी मात

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

युजवेंद्र चहल ने लय में वापसी करते हुए 28 रन पर चार विकेट लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को 16 रन की यादगार जीत दिलायी।

पंजाब किंग्स को 15.3 ओवर में 111 रनों पर रोकने के बाद, केकेआर सात ओवर में दो विकेट पर 60 रन बनाकर आसान जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद चहल ने केकेआर के मध्य क्रम को झकझोर कर पंजाब को रोमांचक जीत दिलाई। केकेआर की टीम 15.1 ओवर में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई।

### पंजाब ने किया सबसे छोटा स्कोर चैस

पंजाब किंग्स ने इसके साथ ही आईपीएल में सबसे छोटे स्कोर का सफलता पूर्व बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले सबसे कम स्कोर का बचाव चेन्नई सुपर किंग्स ने 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 116 रन बनाकर किया था।



### केकेआर ने आखिरी 7 विकेट 23 रन पर गंवाए

पंजाब के लिए मार्को यानसेन ने भी तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप, जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 28 गेंद में 37 रन की पारी खेलने के साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे (17) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने आखिरी सात विकेट 23 रन के अंदर गंवा दिये।

### राणा ने 25 रन पर लिए तीन विकेट

इससे पहले, पंजाब किंग्स बिना किसी नुकसान के 39 रन से 15.3 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें हर्षित राणा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट लिए। पंजाब के लिए पदार्पण कर रहे बार्टलेट ने क्विंटन डिकॉक को 2 रन पर चलता किया। रघुवंशी क्रीज पर आते ही आक्रामक शॉट पर चौका लगाकर खाता खोला।

### रहाणे के लिए रिव्यू लेना महंगा पड़ा

पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था।रघुवंशी ने अर्शदीप के खिलाफ एक रन लेकर तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। चहल ने आठवें ओवर में रहाणे को पगबाधा किया। रहाणे के लिए मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू नहीं लेना महंगा पड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का रमनदीप बो हर्षित | 22 | 12 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरन का रमनदीप बो हर्षित | 30 | 15 | 2 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का रमनदीप बो हर्षित | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो चक्रवर्ती | 02 | 06 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा का वेंकटेश बो नोर्किया | 10 | 09 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 07 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यांश शेडगे का डिकॉक बो नारायण | 04 | 04 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह पगबाधा अरोड़ा | 18 | 17 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन बो नारायन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट रन आउट | 11 | 15 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.3 ओवर में सभी आउट: 111 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 2.3-0-26-1, नोर्किया 3-0-23-1, हर्षित 3-0-25-3, चक्रवर्ती 4-0-21-2 नारायण 3-0-14-02

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का शेडगे बो बार्टलेट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो यानसेन | 05 | 04 | 1 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे पगबाधा चहल | 17 | 17 | 1 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी का बार्टलेट बो चहल | 37 | 28 | 5 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर पगबाधा मैक्सवेल | 07 | 04 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह स्टं. इंग्लिस बो चहल | 02 | 09 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसल बो यानसेन | 17 | 11 | 1 | 2 |
| रमनदीप सिंह का श्रेयस बो चहल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा बो यानसेन | 03 | 06 | 0 | 0 |
| वैभव अरोड़ा का इंग्लिस बो आर्शदीप | 00 | 07 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.1 ओवर में 95/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 3.1-0-17-3, बार्टलेट 3-0-30-1, अर्शदीप 3-1-11-1, चहल 4-0-28-4, मैक्सवेल 2-0-5-1

खबर संक्षेप



### एएसआईपी के अध्यक्ष होंगे प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) ने मंगलवार को अपने संस्थापक प्रबंधन बोर्ड की घोषणा की और इसके अध्यक्ष अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरण होंगे। नीरज झा मानद महासचिव होंगे और गोवा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कैटानो जोस फर्नांडिस बोर्ड के सदस्यों में से होंगे । दिल्ली फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे शाजी ने इस साल संगठन की स्थापना की है। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा । बोर्ड की पहली बैठक तीन मई को होगी।

### एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद जीवंत रखी

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज़ के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने सोमवार को यहां वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज़ ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया।

### आईसीसी की बैठक में शामिल नहीं हुए नकवी

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक तिमाही बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शामिल नहीं हुए। पाकिस्तान में निजी काम के कारण नकवी हाल की बैठकों के लिए हरारे नहीं जा सके। नकवी संघीय गृह मंत्री भी हैं जो केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण पद है। अधिकारी ने कहा, "मोहसिन नकवी स्वदेश में काम के कारण नहीं जा सके और बोर्ड के सीईओ सुमेर अहमद आईसीसी की बैठकों में शामिल हुए।"

क्रिकेट

## बांग्लादेश के साथ भारत मीरपुर में 4 व चटगांव में खेलेगा 2 मैच

### भारत का 2014 के बाद से पहला दौरा होगा



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।

यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा।

### भारत ने सभी प्रारूप में मानक स्थापित किया

बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, "यह श्रृंखला हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी।" उन्होंने कहा, "भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का आनंद जरूर लेंगे।" चौधरी ने कहा, "बांग्लादेश और भारत ने हाल के वर्षों में कुछ बहुत ही प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और मुझे विश्वास है कि यह एक और कड़ी टक्कर वाली और मनोरंजक श्रृंखला होगी।"

## जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, "राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।" जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, "खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।"



# अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।



अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, "मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।" अय्यर ने कहा, "प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।"

## बोर्नमाउथ ने फुलहम को एक गोल से हराया

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की। बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से बोर्नमाउथ 32 मैच में 48 अंक लेकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है और उसने अगले सत्र में यूरोपीय लीग में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी है।



राज्य इकाईयों के सदस्यों की तत्काल चुनाव कराने की मांग से खींचतान

# बीएफआई में खींचतान : अंतरिम समिति ने लिए अहम फैसले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवगठित अंतरिम समिति द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और कोचों की नियुक्ति सहित अन्य प्रमुख निर्णयों की घोषणा के बीच मंगलवार को विभिन्न राज्य इकाइयों के सदस्यों के तत्काल चुनाव कराने की मांग से भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में खींचतान तेज हो गई।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन कानूनी विवादों के कारण चुनाव में देरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवीनतम आदेश में खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई के लिए तय 28 अप्रैल से पहले नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया है।




### बीएफआई के संविधान को कमजोर किया जा रहा

असम मुक्केबाजी के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व महासचिव हेमंत कलिता ने मंगलवार को कहा, " अजय सिंह (पूर्व बीएफआई अध्यक्ष और अंतरिम समिति के वर्तमान प्रमुख) चुनाव में देरी करने और बीएफआई के संविधान को कमजोर करने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं।"

### गलत नीति के कारण स्तर नीचे जा रहा

भंडारी ने कहा, " अजय सिंह की गलत नीतियों के कारण भारतीय मुक्केबाजी का स्तर नीचे जा रहा है।" विश्व मुक्केबाजी द्वारा बीएफआई के मामलों की देखरेख के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए गठित अंतरिम समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में घरेलू सर्किट को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ एलीट (शीर्ष) मुक्केबाजी प्रणाली को फिर से शुरू करने के निर्णय लिया।

### हमारे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रहे

सिंह ने कहा, "हम चिंतित हैं और चाहते हैं कि चुनाव जल्द से जल्द हो ताकि हमारे हमारे खिलाड़ी प्रभावित ना हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।" हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश भंडारी ने आरोप लगाया कि सिंह ने कोचिंग स्टाफ पर फैसला करते समय कार्यकारी समिति की सलाह लेने से इनकार कर दिया था और पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन का यह एक बड़ा कारण था।

### समिति के अंतिम सदस्या का नामांकन अभी बाकी

*इस छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक, ओलंपियन एल सरिता देवी और सिंगापुर मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद शामिल हैं। समिति के अंतिम सदस्य का नामांकन भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष द्वारा अभी किया जाना बाकी है।*

## खबर संक्षेप

### बीमारी से परेशान होटल संचालक फंदे पर झूला

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में एक होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय दिनेश प्रताप सिंह पिता परीक्षण निवासी साकेत नगर एम्स के सामने एक होटल संचालित करते थे। मंगलवार सुबह घर पर ही उन्होने फांसी लगा ली। सबसे पहले उनकी बेटी ने घटनाक्रम देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उन्होने बीमारी का हवाला दिया है। सुसाइड नोट में जिक्र है कि मैं बीमारी से परेशान और मजबूर होकर यह कदम उठा रहा हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### ताला तोड़कर कम्प्यूटर व अन्य उपकरण चोरी

**भोपाल।** पिपलानी के गोपाल नगर स्थित प्राइमरी हेल्थ क्लीनिक का ताला तोड़कर कम्प्यूटर उपकरण कूलर सहित अन्य सामान ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक डॉ हर्षिता सिंह ने थाने में शिकायती आवेदन देकर बताया कि सोमवार को उन्हे जानकारी मिली की पीएचसी सेंटर का ताला टूटा है। मौके पर देखा तो कम्प्यूटर कूलर सहित अन्य सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 150 करोड़ रुपए के जब्त मादक पदार्थ किए नष्ट

**भोपाल।** नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा बडी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों के कुल 74 प्रकरणों में जब्त नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। इन ड्रग्स की कुल अनुमानित बाजार कीमत 150 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। जिन मादक पदार्थो का नष्टीकरण किया गया उसमें गांजा , चरस ब्राउन शुगर और एमडी सहित नशीले पदार्थ शामिल हैं।

चाकू से किया जानलेवा हमला दो घायल

# अशोका गार्डन इलाके में पुराने बदमाशों ने खूब मचाया उत्पात

**हमले से पहले पुरानी रंजिश में स्कूटी से मारी थी दोनों को टक्कर**

**परिहार चौराहे पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




अशोका गार्डन थाना के पास ही स्थित परिहार चौराहे पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात पुराने बदमाशों ने उत्पात मचाया। पहले तो उन्होने पुरानी रंजिश में स्कूटी से एक युवक और उसके भाई को टक्कर मारी। इसके बाद चाकू से हमला कर दिया। घटनाक्रम में दोनों घायल हैं।

वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। इस मामले में आारोपी और फरियादी पक्ष दोनों का आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

**दोनों पक्षों का है आपराधिक रिकॉर्ड**

*पुलिस के अनुसार, बबलू उर्फ रफीक अपने भाई नफीस के साथ परिहार चौराहे पर खड़े होकर बात कर रहा था। इसी दौरान मोगली उर्फ अयान उसका साथी रेहान बच्चा स्कूटी से आए और टक्कर मार दी। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हुआ और इसी दौरान अयान ने बबलू रफीक पर चाकू से सिर और कान के बगल से वार कर दिया, जिससे उसको गंभीर चोट आई। वहीं उसके भाई नफीस को भी चाकू मारा। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल बबलू का उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों पक्षों का आपराधिक रिकार्ड है।*

# कोपरा डालकर पांच फीट तक भर दिया केरवा डैम का किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**पर्यावरण कार्यकर्ता ने कलेक्टर को दर्ज कराई शिकायत**

केरवा डैम के पास स्थित ग्राम महुआखेड़ा में डैम किनारे पांच फीट से अधिक किनारे को कोपरा डालकर भर दिया है, जिससे डैम का किनारा सिकुड़ गया है। कोपरा डालने का काम रात में किया जा रहा है। अब तक करीब एक हजार से अधिक डंपर कोपरा डाला गया है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शिकायत के बाद जांच के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण और पर्यावरण कार्यकर्ता राशिद नूर ने सौंपी गई शिकायत में कहा है कि एक माह से बड़े पैमाने पर अवैध कोपरा और मिट्टी का भराव किया जा रहा है। अब तक लगभग 2000 से ज्यादा डंपर कोपरा डाला जा चुका है। रात के समय डंपर चालक सक्रिय हो जाते हैं और एफटीएल के अंदर कोपरा डालना शुरू कर दिया जाता है। अब तक करीब 5 फीट तक कोपरा डालकर जमीन को ऊंचा कर दिया गया है। उसके ऊपर काली मिट्टी भी डाली जा रही है। इसके साथ डैम के किनारे एफटीएल की मुनारों को भी हटा दिया है।

**फार्म हाउस का होगा निर्माण**

*ग्रामीणों का कहना है कि इस जगह पर फार्म हाउस निर्माण के साथ अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही है, जो कि वेटलैंड के नियमों के विपरीत है। इन गतिविधियों से वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास को नुकसान हो रहा है। क्षेत्र में जल संकट और बाढ़ के हालात बन सकते हैं।*

अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर लिया जायजा

# डॉ. रचना ने नोडल अधिकारी और डॉ. बलराम ने किया अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संचालक आईईसी डॉ. रचना दुबे ने शासकीय कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में नोडल अधिकारी और डॉ. बलराम उपाध्याय ने अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया।

संचालक डॉ. रचना दुबे ने अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय की उपस्थिति में अस्पताल परिसर का



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, स्टोर शाखा, किचिन आदि का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. रचना दुबे ने सभी संबंधित नर्सिंग इंचार्जेस के साथ बैठक कर अस्पताल की मौजूदा कार्यप्रणाली, संसाधनों, सेवाओं की स्थिति एवं आवश्यक सुधारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दिल्ली में मौसम की खराबी का असर भोपाल पर, फ़्लाइट हुई कैंसिल




**संतनगर।** दिल्ली में ख़राब मौसम के कारण उड़ानों पर लगातार है असर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली रूट की उड़ानें लेट आ रही हैं। वहीं मंगलवार को इंडिगो एयरवेज़ की दिल्ली उड़ान को कैंसिल कर दिया गया, जिसके कारण यात्री परेशान हो गए। इसके अलावा भी इंडिगो और एयर इंडिया की दिल्ली उड़ानें लेट आई। इंडिगो एयरवेज़ की उड़ान जो रात को 8.20 बजे आती है, उसे आज कैंसिल कर दिया गया। हालांकि यात्रियों को सूचना दोपहर को ही दी गई थी। रद्द हुई उड़ान यात्रियों के लिए दिल्ली जाने दो ही विकल्प व्यवस्था की थी, जिससे इडिगो की एक अन्य शाम 4.20 को आने वाली उड़ान डेढ़ घंटा देरी से भोपाल आई, जिसमें रद्द हुई की उड़ान के कुछ यात्रियों को भेजा गया। बाक़ी यात्री अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटे रहे और कई यात्रियों को आगे की यात्रा रद्द करनी पड़ी। वहीं इंडिगो की बेंगलुरु सहित कई उड़ानें एक से सवा घंटा देरी से भोपाल पहुंची। मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में ख़राब मौसम होने के कारण उड़ानें लगातार प्रभावित हो रही हैं।

**लखनऊ में आयोजित की गई थी कॉमेट**

# एम्स डायरेक्टर डॉ. सिंह कॉमेट 2025 में किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कॉमेट-2025 (कॉन्क्लेव ऑफ मेडिकल इमरजेंसीज एंड ट्रॉमा) में सम्मानित किया गया।

यह सम्मेलन सोसाइटी ऑफ एक्यूट केयर ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें भारत, यूके, आबूधाबी, सऊदी अरब, नेपाल समेत विश्वभर के चिकित्सा एवं ट्रॉमा विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरान प्रो. सिंह ने एक सत्र बिग क्राउड्स,



बिगर रिस्पॉन्सिबिलिटीः द साइंस ऑफ इवेंट मेडिसिन की अध्यक्षता भी की। प्रो. सिंह ने कहा कि यह केवल मेरे लिए नहीं, बल्कि पूरे एम्स भोपाल परिवार के लिए गर्व का क्षण है। कॉमेट-2025 ने वैश्विक मंच प्रदान किया है, जहां आपातकालीन चिकित्सा और ट्रॉमा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रगति और रणनीतियां साझा की जा रही हैं।

**आईवीएफ विशेषज्ञ की सलाह**

# फर्टिलिटी से जुड़े मिथक को तोड़ना आवश्यकः डॉ. सोनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल जैसे शहरों में फर्टिलिटी से जुड़े मिथक को तोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जब लोग इन मुद्दों पर बात करने में हिचकिचाते हैं, तो इलाज में देरी होती है और उनका माता-पिता बनने का सपना भी अधूरा रह सकता है। यह जानकारी को मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की विशेषज्ञ डॉ. सोनल चौकसे ने दी। डॉ. सोनल ने बताया कि फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेंटर में नियमित फर्टिलिटी जागरुकता कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य दंपतियों और व्यक्तियों को



प्रजनन देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षित करना है। भोपाल सेंटर में एक आधुनिक लैब है, जहां आई-सहायित एम्ब्रियो चयन, अल्ट्रासाउंड और ब्लास्टोसिस्ट कल्चर जैसी तकनीके इस्तेमाल की जाती हैं। सेंटर में आईयूआई, आईवीआई, आईसीएसआई, अंडे-स्पर्म फ्रीजिंग और एम्ब्रियो फ्रीजिंग जैसी पूरी रेंज की फर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स उपलब्ध हैं।

**14वें दिन भी जारी रही हड़ताल**

# कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविदा नीती 2023 के अनुसार वेतन भत्ते देने के लिए आंदोलन कर रहे कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल 14वें दिन भी हड़ताल जारी रही। मंगलवार को कर्मचारियों ने कुक्कुट निगम के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि निगम के संविदा कर्मचारी विभिन्न प्रकार से आंदोलन कर चुके है कभी चारा खाकर तो कभी मौन रहकर आंदोलन जारी है। कुक्कुट विकास निगम ने सामान्य प्रशासन



विभाग से 22 जुलाई 2023 की नीति के तहत यह मार्गदर्शन मांगा है कि क्या हम अब आदेश जारी कर सकते है। मार्गदर्शन के कारण पशुपालन विभाग में फाइल घूम रही है। जबकि इस मार्गदर्शन का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि नीति एक बार बन जाती है तो वो हमेशा लागू रहती और आदेश कभी भी हो सकते है। रमेश राठौर ने कहा कि यदि शीघ्र आदेश जारी नहीं हुए, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Madhya Pradesh State. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930